दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 07 मई -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 137 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## 'भारत का पानी पहले बाहर जाता था, अब वह देश के काम आएगा' : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को खत्म कर दिया है। वहीं इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सार्वजनिक तौर बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा- भारत का पानी पहले बाहर जाता था, अब वह भारत के हितों के लिए रुकेगा और देश के काम आएगा। यानि जो पानी पहले भारत की सीमा से बाहर जा रहा था (खासकर पाकिस्तान या बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में बहने वाले नदी जल के संदर्भ में), अब भारत सरकार उस पानी को देश के हित में रोकने और उपयोग में लाने की योजना बना रही है।

**हम राष्ट्र को सबसे पहले रखते हैं- पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने आगे कहा, 'एक समय था जब कोई भी जरूरी कदम उठाने से पहले लोग सोचते थे कि दुनिया क्या सोचेगी... वे सोचते थे कि उन्हें वोट मिलेगा या नहीं, उनकी सीट सुरक्षित रहेगी या नहीं। इन कारणों से बड़े सुधारों में देरी हुई। कोई भी देश इस तरह आगे नहीं बढ़ सकता। देश तभी आगे बढ़ता है जब हम राष्ट्र को सबसे पहले रखते हैं।'

**भारत ने सिंधु जल संधि रोकने का किया फैसला :** सिंधु जल संधि को रोकने का फैसला कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने लिया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। भारत ने स्पष्ट किया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं कर देता, तब तक यह निलंबन प्रभावी रहेगा। ये इस संधि की शुरूआत के बाद से यह पहली बार है कि भारत ने आधिकारिक तौर पर इस पर रोक लगाई है - यह उसके कूटनीतिक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

# गाजियाबाद के 10 स्कूलों में होगा आज हवाई हमले से बचाव का मॉकड्रिल

## शहर के 6 और साहिबाबाद के चार स्कूलों में सुबह 9 से 10 चलेगा मॉक ड्रिल अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारत और पाकिस्तान के बीच जिस तरीके के हालात बने हैं, उसे देखते हुए गृह मंत्रालय ने देशभर के सभी राज्यों को अलर्ट जारी करते हुए अपने-अपने राज्यों में मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जनपदों में मॉक ड्रिल कराए जाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को गाजियाबाद में सिविल डिफेंस-जिला प्रशासन संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल की जाएगी। यह मॉक ड्रिल शहर के 10 अलग-अलग स्कूलों में की जाएगी। जो अलग-अलग इलाकों में बने हुए हैं। प्रत्येक स्कूल में डिवीजनल वार्डन



प्रभारी और डिप्टी डिवीजनल वार्डन से सहप्रभारी के रूप में अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। तो वहीं स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी इस ड्रिल में उपस्थित होंगे।

### शहर के इन स्कूलों में होगा मॉक ड्रिल का आयोजन

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडीएम सिटी गंभीर सिंह और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने जानकारी दी है कि मौजूदा हालातों के मद्देनजर आयोजित की जा रही है। सुबह गाजियाबाद और साहिबाबाद के कुल 10 स्कूलों में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक छात्र-छात्राओं में जागरूकता लाने और हवाई हमले से बचाव के दौरान क्या-क्या आवश्यक कदम उठाने हैं, इसको लेकर ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें नगर पालिका इंटर कॉलेज नवयुग मार्केट, शंभू दयाल इंटर कॉलेज जीटी रोड, गुरु नानक इंटर कॉलेज लोहिया नगर, सेठ मुकंद लाल इंटर कॉलेज अंबेडकर रोड, राजकीय कन्या



इंटर कॉलेज विजय नगर, जेकेजी इंटर कॉलेज विजय नगर, स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर राजेंद्र नगर, खेतान पब्लिक स्कूल सेक्टर-05 राजेंद्र नगर साहिबाबाद, नगर पालिका इंटर कॉलेज स्टेशन रोड साहिबाबाद के साथ ही पद्मश्री एनएन मोहन पब्लिक स्कूल वसुंधरा सेक्टर-05 में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

### सिविल डिफेंस की पूरी टीम रहेगी ऑन फील्ड

करंट क्राइम : सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने जानकारी दी है कि 7 मई बुधवार को गृह मंत्रालय के निर्देश पर गाजियाबाद में 10 स्कूलों में मॉक ड्रिल की जा रही है। इस दौरान सिविल डिफेंस के डिवीजनल वार्डन प्रभारी और डिविजनल डिप्टी वार्डन से सहप्रभारी मौजूद रहेंगे। साथ ही अन्य पदाधिकारी भी बच्चों एवं अन्य लोगों को हमले के दौरान बचाव और राहत के कार्य को संभालने की ट्रेनिंग देंगे। कैसे खुद को बचाया जाए, इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव भी दिए जाएंगे।

### प्रशासन ने कर ली है पूरी तैयारी

करंट क्राइम : एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने जानकारी दी है कि बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर सभी स्कूलों और उनके प्रधानाचार्य के साथ ही सिविल डिफेंस से वार्ता कर ली गई है कि हवाई हमले के दौरान कैसे बचाव करना है। कैसे सायरन बचेगा और कब नीचे बैठना है, यह सभी जानकारी बुधवार को अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों को दी जाएगी। साथ ही उनसे कहा जाएगा कि वह अपने घर, आसपास और अन्य लोगों को भी यह तकनीक बताएं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## हाउस टैक्स मामले को लेकर आने जा रहा है कानूनी ट्विस्ट

## पूर्व पार्षद ने तय कर लिया अब हाईकोर्ट में डालेंगे रिट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी मामले को लेकर तीन पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला। ये तीनों ही पूर्व पार्षद निगम एक्ट के जानकार माने जाते हैं और मुद्दों को लेकर निगम के कानून को लेकर ये मोर्चा खोलते रहे हैं। तीनों पूर्व पार्षद भाजपा के हैं और तीनों ही जीडीए बोर्ड सदस्य रहे हैं। इनमें पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अनिल स्वामी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल हैं। ये पूर्व पार्षद हाउस टैक्स की नीति पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इतनी अधिक बढ़ोत्तरी जनता पर मार है और निगम कानून के मुताबिक इस तरह से टैक्स नहीं बढ़ाया जा सकता। करंट एनालिसिस में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा यह कहे जाने पर कि इससे पहले वाले सदन में सवाल क्यों नहीं उठाया गया। इस पर पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शायद ऐसा कहने वालों को निगम प्रक्रिया का पता नहीं होगा और उन्हें इसकी जानकारी नहीं रही होगी, वरना ऐसा सवाल कोई उठाता ही नहीं।



पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने कहा कि पूर्व पार्षदों ने ही अपने कार्यकाल में इसका सदन में विराध किया था। हिमांशु मित्तल ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध किया और ये प्रस्ताव तब सदन में निरस्त हुआ था और ये लागू नहीं हो पाया था। इसके बाद 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई थी, लेकिन जब अगला सदन बैठा तो तत्कालीन नगर आयुक्त ने निरस्त प्रस्ताव को अवलोकित ना करते हुए नए शिरे से हाउस टैक्स प्लान को लागू करने का प्रयास किया। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि हम जनता की आवाज हैं और जनता पर किसी प्रकार का कर अत्याचार नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि हमने जनप्रतिनिधियों को अलर्ट किया। उन्हें निगम एक्ट का हवाला दिया और ये बताया कि आपको विरोध करना चाहिए।

पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि कोई भी खामोश रहे लेकिन हम खामोश नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे और वहां इस मामले में रिट याचिका दाखिल करेंगे।

हिमांशु मित्तल ने कहा कि हमारी पूरी तैयारी हो चुकी है और हमने इस विषय पर अपने दस्तावेज तैयार कर लिये हैं। हम जल्द ही इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जा रहे हैं। अगर, यहां न्याय नहीं मिला तो हम इस मुद्दे को हाईकोर्ट में उठाएंगे, लेकिन हम खामोश नहीं रहेंगे।

## हाउस टैक्स मुद्दे पर बोले लोकसभा सांसद अतुल गर्ग

# मैं गाजियाबाद की जनता के साथ और विधायकों से करेंगे बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा धीरे-धीरे भाजपा में बढ़ रहा है। पार्टी के तीन पूर्व सीनियर पार्षदों ने इस कर बढ़ोत्तरी को नियम विरुद्ध बताय है। उनका कहना है कि यह तरीका गलत है और उनकी हैरानी इस बात को लेकर है कि जनप्रतिनिधि इस मामले पर खामोश हैं। दैनिक करंट क्राइम ने इस प्रकरण को लेकर जिले के सबसे बड़े जनप्रतिनिधि यानी लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की।हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमारे विचार शहर की जनता के विचार से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग मुझसे संपर्क करेंगे तो फिर यहां हम सबसे पहले नगर निगम के सदन की मुखिया और मेयर सुनीता दयाल से संपर्क करेंगे। अतुल गर्ग ने कहा कि पार्टी का अपना प्रोटोकॉल है और मैं इस विषय पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से ये अनुरोध करूंगा कि वह सभी जनप्रतिनिधियों को बुलाए और इस विषय पर पार्टी का स्टेंड तय करें। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेयर नगर निगम सदन की मुखिया हैं और मेयर गाजियाबाद की जनता के साथ है। उन्होंने कहा कि मैं बुधवार को शहर के तीनों विधायकों से बातचीत करूंगा और महानगर अध्यक्ष से इस विषय पर बातचीत कर ये तय करेंगे कि वो इस विषय पर अपनी राय रखें। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेयर सुनीता दयाल हमारी जनप्रतिनिधि हैं।



वो इस विषय पर गाजियाबाद की जनता के साथ हैं और अब सिर्फ ये तय होना है कि कर वृद्धि करने वाले निगम प्रशासन को कैसे अपनी बात समझाई जाए। सांसद अतुल गर्ग ने फिर दोहराया कि वह गाजियाबाद की जनता के साथ हैं। पार्टी का जो भी स्टेंड रहेगा, मैं उसी का पालन करूंगा।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल करा रहे हैं अपने हाव-भाव से इस बात का एहसास

## कितनी शिद्दत के साथ वो कर रहे हैं प्रदेश संगठन महामंत्री के कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल अपने कार्यकर्ता दल के साथ हर उस कार्यक्रम को पूरी शिद्दत के साथ तैयार करा रहे हैं जो संगठन ने भेजा है। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष के रूप में अपने हाव भाव से कार्यकर्ताओं में इस बात का एहसास करा रहे हैं कि वो प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल जी के कार्यक्रम की तैयारी शिद्दत से करा रहे हैं।



दरअसल 10 मई को वन नेशन वन इलैक्शन का कार्यक्रम होना है। इस कार्यक्रम का रूट ठाकुरद्वारा मंदिर से लेकर दुर्गा भाभी चौक तक रहना है। यहां झांकियां होगी, प्रदर्शनी होगी और कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

महानगर अध्यक्ष बनने के बाद मयंक गोयल के लिए ये पहला मौका है जब प्रदेश संगठन महामंत्री उनके कार्यक्रम में आ रहे हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं और उनकी ये पूरी कोशिश है कि प्रदेश महामंत्री संगठन के सामने मजबूत मैसेज जाना चाहिए। मयंक गोयल किस तरह से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहे है और छोटी से छोटी बात का ध्यान रख रहे हैं ये साहिबाबाद की बैठक में देखने को मिला।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की साहिबाबाद में एक बैठक थी और यहां संजीव झा ने उनके हाव भाव और पूरे कार्यक्रम को चित्रित करने वाला लाईव शेयर किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल कार्यकर्ताओं को समझा रहे हैं कि सबसे पहली बात यह है कि हम सबको अनुशासन में रहना है और अनुशासन के बारे में औरो को बताना है। किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो, इसका ध्यान रखना है। बड़ी बात ये कि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बहुत ही शानदार ढंग से इस कार्यक्रम की रूप रेखा बताते हुए एक एक बिन्दु गिनाते हुए इसे अपने शब्दों के जरिए सजीव चित्रित किया। उन्होंने 17 पोल बताये।

बताया कि यात्रा बढेगी तो हमें उस समय क्या क्या व्यवस्था संभालनी है। मुख्य अतिथि की कार को सुगमता से रास्ता मिले और किसी को भी कोई परेशानी ना हो, इसके लिए 16 नौजवान कार्यकर्ताओं की टीम आगे चलेगी और यहां उन्होंने बताया कि एक किलोमीटर लंबा भगवा कपड़ा 17 पोल पर रहेगा।

किस तरफ से ट्रैफिक निकलेगा और किस तरफ का ट्रैफिक रूकेगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बेहतर अंदाज के साथ एक एक प्वाईंट को समझाया और किसी को कोई कन्फ्यूजन ना रहे इसके लिए उन्होंने रूट डॉयवर्जन से लेकर स्वागत के प्वाईंट बताये।

कार्यकर्ताओं को बताया कि कहां फूलों की सजावट रहेगी, कहां पानी रहेगा। कार्यक्रम को बेहतर तरीके से चित्रित करते हुए बता दिया कि मंच वागिश दिनकर संभालेंगे। गीतों को लेकर भी बताया कि जो राम को लायें हैं से लेकर सबसे आगे हिंदुस्तानी, वाला गीत होगा।

कार्यक्रम शाम का है और यहां रोशनी का पूरा इंतजाम है। रोशनी का प्रबंध अंधेरे को जोडकर किया गया है और ये अंधेरा एक मिनट के लिए होगा। एक मिनट के अंधेरे को लेकर भ्रम की स्थिति ना रहे, इसके लिए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यकर्ताओं को बता दिया कि उस समय भारत माता के चेहरे पर रोशनी रहेगी और बाकी जगह अंधेरा रहेगा।

यहां पर उन्होंने दीयों को लेकर भी समझाया कि हमें इलैक्ट्रिक दीपक हाथ में रखने हैं। किसी प्रकार की अव्यवस्था ना फैले इसके लिए उन्होंने एक एक प्वाईंट को पुनः चिन्हित किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यक्रम से पहले ही कार्यक्रम की एक एक रूपरेखा को इतने सजीव तरीके से चित्रित किया कि हॉल में तालियां बजने लगी। उनका संबोधन इतना शानदार था कि किसी भी कार्यकर्ता के लिए कहीं भी कोई ऐसी गुंजाईश ना रही कि कोई बात समझ में ना आई हो।

# डीसीपी राजेश कुमार को भेजा गया कौशांबी धवल जयसवाल को मिला गाजियाबाद

**- 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं धवल जायसवाल**

**- अब तक प्रयागराज, चित्रकूट, कुशीनगर और फतेहपुर में खेली है क्राइम के खिलाफ पारी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार की देर रात उत्तर प्रदेश में एक बड़ी आईपीएस लिस्ट आई। जिसमें गाजियाबाद के डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार कौशांबी जिले के कप्तान के रूप में तबादला हो गया है। तो वहीं फतेहपुर के कप्तान धवल जायसवाल को गाजियाबाद में ट्रांसफर मिला है। वो अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में डीसीपी का चार्ज लेंगे।

पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वह यहां सिटी की कमान संभाल सकते हैं और बुधवार देर शाम तक वह गाजियाबाद में चार्ज संभाल लेंगे। आईपीएस धवल जायसवाल उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के मूल निवासी हैं और वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह क्राइम के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रखने वाले हैं। आईपीएस





धवल जायसवाल इससे पहले प्रयागराज में पोस्ट रह चुके हैं। तो चित्रकूट, कुशीनगर और फतेहपुर में बदमाशों के खिलाफ उनकी पारी आक्रामक रही है। कुशीनगर में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के साथ ही वहां 400 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की थी। जिसमें 300 बदमाशों के गोली लगी थी और यह अब तक 150 से ज्यादा पुलिस एनकाउंटर भी उनके नेतृत्व में सफलतापूर्वक किए गए हैं।

### कानून व्यवस्था और बेहतर जनसुनवाई करना रहेगा मकसद

करंट क्राइम : आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल इससे पहले फतेहपुर के कप्तान थे। तो कुशीनगर में उनकी पारी बेहद आक्रामक रही है। बताया जा रहा है कि वह गाजियाबाद में बुधवार को चार्ज ले लेंगे। उनका कहना है कि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के साथ ही यहां पर जनसुनवाई पर वह फोकस करेंगे। साथ ही सरकार द्वारा जो भी जीरो टॉलरेंस के दिशा निर्देश है उसका सख्ती से पालन किया जाएगा। वही उनका कहना है कि लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को दंडित किया जाएगा और चेकिंग पर अधिक फोकस रहेगा।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच 54 साल बाद सुरक्षा मॉक ड्रिल क्यों, कब और कैसे होगी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच किसी भी संभावित युद्ध की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को बुधवार को नागरिकों की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय के तहत नागरिक सुरक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक बी संदीपकृष्ण ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण देश के 244 सीमावर्ती और तटीय जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास करने का निर्देश दिया है।

पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच किसी भी संभावित युद्ध की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को बुधवार को नागरिकों की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय के तहत नागरिक सुरक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक बी संदीपकृष्ण ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण देश के 244 सीमावर्ती और तटीय जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास करने का निर्देश दिया है।




### कब और क्यों लिखा गया पत्र?

संदीपकृष्ण ने मॉक ड्रिल के लिए पहली चिट्ठी दो मई को लिखी थी और दूसरी सोमवार को भेजी। पत्र में कहा गया है कि सुरक्षा अभ्यास के तहत किसी भी हवाई आक्रमण की स्थिति में चेतावनी सायरन प्रणाली के सही संचालन को परखा जाएगा। साथ ही किसी भी आक्रमण की स्थिति में आम लोगों, छात्रों को खुद को बचाने और अन्य नागरिक सुरक्षा पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मॉक ड्रिल में अचानक बिजली गुल यानी ब्लैक आउट करने का अभ्यास भी होगा।

निर्देशों के मुताबिक, अभ्यास के तहत अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी पहचान छिपाने का बंदोबस्त किया जाए। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि दुश्मन के विमान महत्वपूर्ण फैक्टरियों, प्रतिष्ठानों को दूर से ही निशाना न बना सकें। किसी भी युद्ध में दुश्मन की सेना ऐसे प्रतिष्ठानों को ही सबसे पहले निशाना बनाती है, ताकि अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ी जा सके। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने हमले की स्थिति में आम लोगों की सुरक्षित निकासी की योजना बनाने और उनका बार-बार पूर्वाभ्यास करने के लिए कहा है।

### पीएम मोदी को रक्षा सचिव ने दी तैयारियों की जानकारी

पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चल रही तैयारियों के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सिंह ने पीएम मोदी को सुरक्षा तैयारियों की पूरी जानकारी दी है। इनसे पहले एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी प्रधानमंत्री को अपनी तैयारियों और चुनौतियों की जानकारी दे चुके हैं। पीएम की लगातार बैठकों को पाकिस्तान के खिलाफ जल्द ही सैन्य कार्रवाई किए जाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



### डोभाल व गृह सचिव से भी मंत्रणा

पीएम मोदी ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में भी कई अहम बैठकें कीं। शाम पांच बजे के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल पीएमओ पहुंचे। डोभाल से बैठक खत्म होने के कुछ देर बाद गृह सचिव गोविंद मोहन भी पीएम से मिले। गृह मंत्रालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिए हैं, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना और सभी श्रेणियों में डाक सेवाओं को बंद करने जैसे कदम शामिल हैं।

लोग क्या-क्या तैयारियां रखें?

मॉक ड्रिल को लेकर गृह मंत्रालय में आज अहम बैठक हुई। इसमें देशभर में 244 नागरिक सुरक्षा प्रतिष्ठानों की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा इस बात पर केंद्रित है कि मौजूदा उपकरण काम कर रहे हैं या उनकी मरम्मत की आवश्यकता है। बैठक में यह भी देखा गया कि आपातकालीन हालात में नागरिकों को कैसे प्रशिक्षित किया जाए। इस दौरान हवाई हमले के सायरन के प्रति जनता की प्रतिक्रिया, ब्लैकआउट के दौरान की जाने वाली कार्रवाई और आवश्यक आपूर्ति की तैयारियों पर भी बात की गई। अधिकारियों ने संभावित इलेक्ट्रॉनिक विफलता के लिए तैयार रहने के लिए घरों में चिकित्सा किट, मशालें, मोमबत्तियां और नकदी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल बेहद असामान्य कदम है। हाल-फिलहाल में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए किसी भी संघर्ष के दौरान ऐसा कोई मॉक ड्रिल नहीं किया गया। राज्यों में आखिरी मॉक ड्रिल आज से 54 साल पहले 1971 में हुआ था। तब बांग्लादेश की मुक्ति के लिए हुआ युद्ध भारत-पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध में बदल गया था जो देश की पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर लड़ा गया था। उस समय नागरिकों की जान-माल को कम से कम नुकसान पहुंचे, इसके लिए ऐसा अभ्यास किया गया था।

### कहां-कहां होगी मॉक ड्रिल?

2010 में गृह मंत्रालय की ओर से संशोधित की गई मॉक ड्रिल वाले जिलों की सूची में राज्यवार संवेदनशीलता के आधार पर जिलों को बांटा गया है। देश के 25 राज्यों के कुल 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को एक से तीन श्रेणी के बीच रखा गया है। दरअसल, गृह मंत्रालय ने देश के कुल 35 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में 259 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट की सूची तैयार की थी। हालांकि, सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को सामान्य प्रशासनिक जिले नहीं कहा जा सकता। उत्तर प्रदेश में ऐसे कुल 19 जिले हैं। इनमें कानपुर, लखनऊ, मथुरा जैसे प्रशासनिक जिले और बक्शी का तालाब, सरवासा जैसे स्थान भी हैं, जो लखनऊ और सहारनपुर में हैं। यहां एयर फोर्स स्टेशन हैं।

### वायुसेना के साथ हॉटलाइन संपर्क बनाए रखने के निर्देश

नागरिक सुरक्षा अभ्यास नियम-1968 के तहत जारी निर्देश में वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो संपर्क सुचारु बनाने, वार्डन सेवा, अग्निशमन, बचाव अभियान, डिपो प्रबंधन के संचालन को परखने के लिए भी कहा गया है। इसके अलावा इन सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष और छद्म नियंत्रण कक्षों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## 'पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में विफल होने पर होगी अवमानना कार्रवाई', एनसीआर राज्यों को 'सुप्रीम' निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा की सरकारों को सख्त चेतावनी दी है कि वे नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाएं। अदालत ने साफ कहा कि अगर आदेश का पालन नहीं हुआ, तो जिम्मेदार अफसरों और संस्थाओं पर अदालत की अवमानना का मामला चलेगा।

### ईपीए कानून के तहत कार्रवाई का निर्देश

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि राज्यों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत निर्देश जारी कर रोक लगानी होगी। इसमें पटाखों का उत्पादन, बिक्री, भंडारण और ऑनलाइन डिलीवरी भी पूरी तरह बंद करने को कहा गया है।

कोर्ट ने राज्यों से कहा है कि वे सख्ती से इस आदेश को लागू करें और इसके लिए एक विशेष निगरानी तंत्र बनाएं। साथ ही, पटाखों की रोक और इसके उल्लंघन पर मिलने वाली सजा के बारे में जनता को बड़े पैमाने पर जानकारी दें। कोर्ट ने यह भी कहा कि पटाखों पर सिर्फ दीवाली के समय रोक लगाने से कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि लोग पहले ही खरीदकर जमा कर सकते हैं। इसलिए यह रोक साल भर लागू रहनी चाहिए।

### दिल्ली पहले से लगा चुकी है सालभर का बैन

दिसंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी और हरियाणा को भी दिल्ली की तरह सालभर का बैन लगाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि रोक का असर तभी दिखेगा जब एनसीआर के सभी राज्य मिलकर इसे लागू करेंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण लंबे समय तक खतरनाक स्तर पर रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ता है, जो सड़कों पर काम करते हैं और जिनके पास एयर प्यूरीफायर लगाने की सुविधा नहीं है।

### ग्रीन पटाखों पर भी राहत नहीं

अदालत ने अप्रैल में साफ कर दिया था कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक में कोई ढील नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि जब तक यह साबित नहीं होता कि ग्रीन पटाखों से होने वाला प्रदूषण बेहद कम है, तब तक कोई छूट नहीं मिलेगी।

## कर दिया नगरायुक्त ने बेमिसाल कमाल हटा वो अतिक्रमण जिसे हो गए थे 15 साल




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम ने इंदिरापुरम में अतिक्रमण हटाने के लिए एक अभियान शुरू किया था। जिसमें 3 दिनों तक हर दिन दोपहर 2 से 5 बजे तक कार्रवाई की गई। इस अभियान में निर्माण, स्वास्थ्य, उद्यान और जोनल प्रभारी की टीम शामिल थी, और भारी पुलिस बल भी मौजूद था। स्वर्ण जयंती पार्क के आसपास सड़कों और सेंट्रल वर्ज पर हुए अतिक्रमण को हटाया गया।

जिससे पार्क के चारों ओर से अतिक्रमण हटा दिया गया। पार्क के आसपास ठेली-पटरी वालों और बीच रास्ते में लगाए जेनरेटरों से भी मुक्त किया। क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल में बताया कि इंदिरापुरम स्वर्ण जयंती पार्क के चारों और लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। यह अतिक्रमण 15 साल से कभी नहीं हटा था। इंदिरापुरम नगर निगम में आते ही नगर आयुक्त व महापौर की टीम ने स्वर्ण जयंती पार्क को अतिक्रमण मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस अतिक्रमण हटाने से लोगों में राहत की सांस ली है। पार्षद प्रतिनिधि प्रयस सक्सेना का कहना है, कि स्वर्ण जयंती पार्क के चारों जो लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। उसको नगर निगम की टीम ने कई बार हटाए लेकिन इस बार जो अतिक्रमण हटाया गया है। वह बहुत ही अच्छा कार्य है, क्योंकि अब यदि कोई दोबारा अतिक्रमण करता है। नगर निगम की टीम चालान कर देती है, कुछ दिन पहले भी 25000 हजार का नगर निगम की टीम में चालान किया था। इसलिए इस समय स्वर्ण जयंती पार्क पर कोई भी अतिक्रमण नहीं है।

पार्क के आसपास से अतिक्रमण हटाने पर लोगों ने राहत की सांस ली है और उन्होंने कहा है कि इसी तरह साफ सुथरा वार्ड रहना चाहिए, जिससे लोगों को कोई परेशानी ना हो।

## बसन्त पब्लिक स्कूल में सेल्फ डिफेंस के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को बसन्त पब्लिक स्कूल में सेल्फ डिफेंस के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर कुल 49 बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रेनर विधु गर्ग ने बच्चो को सिखाया कि विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में खुद की रक्षा कैसे करनी है, आत्म रक्षा के बहुत से गुण-तरीके सीखे। जिससे वो अपनी रक्षा खुद कर सके और सुरक्षित रहे।

स्कूल प्रिंसिपल संजय त्यागी और सोनल ने कहा कि इस तरीके के कैंप से न केवल बच्चो में आत्मविश्वास पैदा होता है बल्कि वो मानसिक और शारीरिक रूप से भी अपना बचाव करने में सक्षम बन जाते है। श्रेया, पीहू, वंश, डिंपल, तृषा, लव, पुनीत, लकी, अनुराग, वैभव, लव्य, आराधना, आयुष, आरोही, प्राची, भूमि, आदित्य, कनक, सत्यम, यांसी, अंश, प्रियांशु, गार्गी, प्रियांशी, शिवम, तनिष्क, अरनव, रुद्राक्ष, प्रताप, परी, यश, नैतिक, राघव, भूमि, शिवांगी, माही व अन्य, खुशी, रोहन, उत्कर्ष, रौनक, परी, दक्ष, नित्य, तेजस, रुद्रा आदि बच्चों ने इस समर कैंप में सेल्फ डिफेंस के गुण सीखे।



## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बड़ा हादसा, खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस; चार लोगों की मौत और 40 से ज्यादा घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक निजी यात्री बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बस घनी गांव से मेंढर जा रही थी, तभी सुबह करीब 9 बजकर 20 मिनट पर मानकोट इलाके में सांगरा के पास यह हादसा हुआ। घायलों को रेस्क्यू किया जा रहा है। अधिकारियों ने मृतकों की पहचान घनी गांव के 45 वर्षीय मोहम्मद मजीद, 55 वर्षीय शकीला बेगम और कस्बलारी के 60 वर्षीय नूर हुसैन के रूप में की है। असम में तैनात सैनिक मजीद छुट्टी पर अपने गांव आया था। बचावकर्मियों ने हुसैन और मजीद को मौके पर ही मृत पाया। घायलों में से आठ की हालत गंभीर है। मेंढर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अशफाक चौधरी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल नौ लोगों में से पांच को विशेष उपचार के लिए जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में रेफर किया गया है।

डॉक्टर ने कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर हमने सभी 15 एंबुलेंस को तैनात कर दिया है और पुलिस, सीआरपीएफ, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों की सक्रिय सहायता से घायलों को घटनास्थल से हटा दिया गया है।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पुंछ में हुए दुखद सड़क हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### जम्मू-कश्मीर सीएम की आई प्रतिक्रिया

जम्मू-कश्मीर सरकार ने कहा कि वह दुर्घटना के पीड़ितों और उनके परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। मंत्री जावेद अहमद राणा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुखद बस दुर्घटना से बहुत दुखी हूं... मैंने जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर से बात की है और उन्हें तत्काल सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जिसमें गंभीर रूप से घायलों को जीएमसी जम्मू में एयरलिफ्ट करना शामिल है। जम्मू-कश्मीर सरकार प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। वहीं, अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा देखभाल और पूर्ण सहायता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए गए हैं। मैंने (मंत्री) जावेद राणा से भी अनुरोध किया है कि वे घटनास्थल का दौरा करें और राहत प्रयासों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की 'संभव' के तहत जनसुनवाई

### प्राप्त हुए 13 संदर्भ, समस्याओं के तत्काल समाधान के दिए निर्देश






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम अधिकारियों के साथ मिलकर जनसुनवाई की गई संभव के अंतर्गत 13 संदर्भ प्राप्त हुए।

जलकल विभाग से चार संदर्भ, निर्माण विभाग से चार संदर्भ। डुडा विभाग से एक संदर्भ। प्रकाश विभाग से एक संदर्भ। स्वास्थ्य विभाग से दो संदर्भ तथा अतिक्रमण संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ।

### संभव में प्राप्त मांग पत्रों पर एस्टीमेट तैयार करें : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कार्रवाई कराई गई। ऐसे पत्र जो कि निर्माण की है जिनमें मांग की जा रही है उन पर भी आगणन प्रस्तुत करने के लिए निर्माण विभाग को कहा गया। संभव के दौरान पंचवटी क्षेत्र से इंटरलॉकिंग तथा नालियों के बनाने की मांग प्राप्त हुई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकर्ताओं से वार्ता करते हुए तत्काल निर्णय लिय॥ मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को दो दिन के भीतर एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस प्रकार अन्य निर्माण संबंधित कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए एस्टीमेट बनाने के लिए कहा गया।

### संबंधित विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण और समाधान के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** संभव के दौरान मौके पर कई पार्षदों द्वारा भी अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभाग अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण करते हुए समाधान के लिए निर्देश दिए गए। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, सह प्रभारी प्रकाश आश कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर खतौली विधायक मदन भैया ने अर्पित की श्रद्धांजलि

### कहा, उनके दिखाए मार्ग पर चलना हमारा संकल्प

**लोनी, करंट क्राइम।** किसानों, मजदूरों के मसीहा रहे भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर खतौली विधायक मदन भैया समेत कई गणमान्य लोगों ने जावली स्थित उनके निज निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान चौधरी साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर विधायक मदन भैया ने कहा, चौधरी अजीत सिंह के दिखाए मार्ग पर चलना हम सभी का संकल्प है। उन्होंने जीवनभर किसानों, मजदूरों और कमेरों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी सोच और कार्यशैली आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। विधायक ने आगे कहा कि चौधरी साहब ने सभी जातियों और वर्गों को साथ लेकर चलने की जो राह दिखाई, उसे कभी अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई अन्य प्रमुख नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सभी ने श्रद्धेय अजीत सिंह के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पहलगाम हमले के बाद लगातार नापाक हरकत जारी, जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही। पांच और छह मई की रात में पाकिस्तानी सेना ने बॉर्डर पर फिर से सीजफायर तोड़ा है। पहलगाम हमले के बाद लगातार 12वें दिन जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार चौकियों से बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने भी उचित तरीके से जवाब दिया है। बाज नहीं आ रही पाकिस्तानी सेना एलओसी पर जारी रखी गोलीबारी इससे पहले, सोमवार को पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना की अग्रिम चौकियों को निशाना बनाकर गोलाबारी की। बारामुला सहित जम्मू संभाग के पुंछ, राजोरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टर के सामने एलओसी के उस पार अपनी चौकियों से बिना उकसावे के छोटे हथियारों से फायरिंग की है।



## ओडिशा-राजस्थान में नए हवाईअड्डों को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को राजस्थान के कोटा और ओडिशा के पुरी में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। कोटा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का संसदीय क्षेत्र है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोटा में प्रस्तावित हवाईअड्डा न केवल शैक्षिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध कोटा शहर, बल्कि हाड़ौती क्षेत्र की बढ़ती आबादी और आर्थिक गतिविधियों के लिए उपयोगी होगा। पुरी में हवाईअड्डे की स्थापना का निर्णय धार्मिक पर्यटन, क्षेत्रीय विकास और समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने इन दोनों परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजारों में से एक है और यहां 150 से अधिक परिचालन हवाईअड्डे हैं। यह निर्णय देश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## सार्वजनिक (नीलामी) सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2025 को समय 12.00 बजे थाना सिहानी गेट परिसर में कुल 124 मुकद्रमाती (वाहन दो पहिया, चार पहिया, कन्टेनर, टाटा, ई-रिक्शा व अन्य) वाहनों की नीलामी होना नियत है।

अत: आप सभी को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुये नीलामी में बोली लगाना सुनिश्चित करें। नीलामी हेतु दिनांक 07.05.2025 को सुबह 10.00 बजे से सांय 17.00 बजे तक नीलामी के सम्बन्ध में सिक्योरिटी जमा करायी जायेगी।

(सचिन कुमार), प्रभारी निरीक्षक थाना सिहानी गेट, कमिश्नरेट, गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# एमएलसी चुनाव को लेकर दिनेश गोयल के पक्ष में आया समर्थन का सैलाब

## तमाम जिले के समर्थकों ने कहा, दिनेश गोयल ही रहेंगे बेस्ट कैंडिडेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** करंट क्राइम ने आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर संभावित दावेदारों के नाम बताये थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर एमएलसी दिनेश गोयल के पक्ष में समर्थन का एक सैलाब आ गया। यहां पर सभी ने एक सिरे से दिनेश गोयल को सबसे बेस्ट बताया। समर्थकों ने कहा कि फिर से दिनेश गोयल ही एमएलसी उम्मीदवार होने चाहिए। समर्थकों ने कहा कि वो हमेशा जनता और कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहते हैं। उनका व्यवहार हमेशा सौम्य रहता है और उन्होंने विकास भी कराये हैं और क्षेत्र की समस्याओं को विधान परिषद में भी उठाया है। समर्थकों ने क्या कहा, दैनिक करंट क्राइम ने इस विषय के प्रमुखता से लिया है और ये एक तरह से जनता की भी राय है जो खुलकर एमएलसी दिनेश गोयल के पक्ष में आई है। एमएलसी दावेदारी में दिनेश गोयल सबसे आगे चल रहे हैं। फेसबुक पर कमेंट वार में दिनेश गोयल ने अपना वर्चस्व बनाया है। सभी ने उन्हें एक बेहतर और शानदार नेता बताया है।



**मनीष गर्ग**
श्री दिनेश गोयल जी जैसा सेवक हमने अपने जीवन में नहीं देखा। कुछ लोग राजनीति में पैसा कमाने के लिए आते हैं लेकिन माननीय श्री दिनेश गोयल जी राजनीति में एक सेवक के रूप में कार्य करते हैं। हमने ऐसा व्यवहार किसी का नहीं देखा है।

**पंकज गुर्जर**
आदरणीय दिनेश गोयल जी, स्वच्छ और आदर्श राजनीति के पूरक हैं। जितने कार्य गोयल जी ने मेरे गाँव ममूरी के लिए किए हैं। उतने कार्य वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक ने मिलकर भी नहीं किए हैं। माननीय गोयल जी ने उसी तरह क्षेत्रवासियों की सेवा की है जिस प्रकार कभी रविंद्र पुंडिर जी ने की।

**राहुल भाटी**
माननीय दिनेश गोयल जी उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ एम एल सी हैं क्योंकि यह पहले ऐसे विकास पुरुष नेता हैं जिन्होंने बिना किसी भेदभाव के सबका विकास कार्य किया है। फिर से दिनेश गोयल जी। दिनेश गोयल जिंदाबाद।




**सन्नी एम**
पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय अनिल अग्रवाल जी को अबकी बार मौका मिलना चाहिए। हर कार्यकर्ता और जनता के बीच अच्छे व्यवहार से बात करते हैं और कार्यकर्ता की बात को सुनकर उसका समाधान भी करते हैं इसलिए लोग उन्हें प्यार करते हैं।

**नीरज वाल्मीकि**
मानसिंह गोस्वामी जी को बनाया जाए क्योंकि उनका व्यवहार सभी कार्यकर्ताओं के लिए बहुत ही मिलनसार है।

**बिस्टु बरमान**
मैं मुजफ्फरनगर से हूं मुजफ्फरनगर में श्री दिनेश गोयल जी द्वारा बहुत अच्छे कार्य किए हैं। मैं चाहता हूं कि यही बनें और सिर्फ यही बनें।

**कुलदीप त्यागी**
श्री दिनेश गोयल जी बहुत ही अच्छे मृदुभाषी, समाजसेवी और सभी के प्रिय और विकास के क्षेत्र में सदैव तत्पर रहने वाले सभी के दिलों में राज करने वाले हैं, उन्हें ही दुबारा एमएलसी बनाना चाहिए। दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**पोपिन कुमार**
विधायके जी की बेदाग छवि, विकास करने की बृहद इच्छा और सभी को साथ लेकर चलना असल में ये ही सबका साथ सबका विकास है।

**हेमन्त कुमार**
मेरठ से हूं, दिनेश गोयल जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं जिसका जो कार्य होता है तुरंत कराया जाता है, उन्हीं को एमएलसी का टिकट मिलना चाहिए।

**मनोज चौहान**
दिनेश गोयल जी ही सबसे अच्छे शिक्षित समाजसेवी, धार्मिक और सभी का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं। इस सीट के लिए वही उचित उम्मीदवार हैं।

**नेत्रपाल सिंह**
मैं बुलंदशहर से हूं दिनेश गोयल जी द्वारा बुलंदशहर में बहुत अच्छे कार्य किए गए हैं, उन्हीं को दोबारा एमएलसी बनने का मौका दिया जाना चाहिए।

**मनीश गुर्जर**
हम चाहते हैं कि दिनेश कुमार गोयल जी को राजनीतिक में एक अच्छा पद मिले जिससे कि वह भविष्य में हम सब विद्यार्थियों का जीवन सफल बना सकें।

**अरविंद द्विवेदी**
दिनेश गोयल जी एक अच्छे नेता हैं। इनको दोबारा एमएलसी चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए।

**प्रवीण अरोड़ा**
दिनेश गोयल जी बहुत ही कर्मठ एवं ईमानदार व्यक्ति हैं। इन्हीं को दोबारा एमएलसी बनने का मौका मिलना चाहिए।

**उमानन्द पासवान**
मैं शामली का रहने वाला हूं। शामली में दिनेश गोयल जी ने अच्छे कार्य किए हैं इसलिए इन्हें दोबारा मौका मिलना चाहिए।

**पंकज गुर्जर**
सरल सवभाव और सादगी एवं दिनेश गोयल जी का लोगों के प्रति लगाव, उनको फिर मौका मिलेगा। एमएलसी के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति आप ही हैं। यदि आपके स्थान पर कोई और आता है तो ये बहुत गलत बात होगी।

**अभिनेहा काम्बोज**
मैं सहारनपुर की रहने वाली हूं। मैं चाहती हूं कि श्री दिनेश गोयल जी ने सहारनपुर में बहुत अच्छे कार्य किए हैं और इन्हें एक बार दोबारा मौका मिलना चाहिए एमएलसी बनने का।

**डी के चौहान**
मैं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करता हूं। जो काम श्री दिनेश गोयल जी ने किये हैं वह बहुत सराहनीय हैं। अगली बार भी श्री दिनेश गोयल जी ही हमारे एमएलसी होने चाहिए।

**विनय त्यागी**
मैं मुरादनगर निवासी हूं और जब भी मैं श्री दिनेश गोयल जी के यहां गया उन्होंने तुरंत हमारा काम कियाद्ध। मैं चाहता हूं कि उन्हें दोबारा एमएलसी बनने का मौका दिया जाना चाहिए।

**पवन सिंह राठोर**
उम्मीदवार और भी हो सकते हैं परंतु अच्छे कार्य करने वाला संघर्षशील व्यक्ति मिलना मुश्किल होता है। एक अच्छा जनप्रतिनिधि दिनेश गोयल साहब जैसा है तो फिर अन्य के बारे में क्यों विचार करें। यदि अन्य के बारे में चर्चा होगी तो फिर दावेदारों की लाइन बहुत लंबी होगी इसलिए वर्तमान जनप्रतिनिधि को ही फाइनल रखना चाहिए।

**पंकज सैनी**
आदरणीय दिनेश गोयल जी बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। इस बार दिनेश गोयल जी आने चाहिए। दिनेश गोयल जी की छवि बहुत अच्छी है।

**योगेश गुर्जर**
आदरणीय विधायक श्री दिनेश गोयल जी एक बेहद ईमानदार और विकास कराने वाले नेता हैं। हर जनपद में उनके जैसा नेता होना चाहिए। उनकी सादगी भी मनमोहक है।

**निशांत वशिष्ठ**
दिनेश गोयल जी जैसे व्यक्तित्व का व्यक्ति राजनीति में हो तो लोगों को विकास की चिंता छोड़ देनी चाहिए। छोटे छोटे गांव और कस्बों की विकास की आवाज सदन में उठाने वाले एक मात्र नेता हैं, मेरे छोटे से गांव के लिए किए गए अनेक कार्यो के लिए मेरे गांव का एक एक व्यक्ति ऋणी रहेगा। अब की बार नि:संकोच उनको फिर से मौका मिलेगा।

**सनातनी दीपांशु बजरंगी**
माननीय दिनेश जी हम सब आपके साथ हैं। ऐसे ही विकास कार्य करते रहो। महादेव का सदा आपके सर पर हाथ रहेगा। जय श्रीराम।

**प्रिंस प्रधान**
इतने सरल स्वभाव और सादगी हमारे लोकप्रिय दिनेश गोयल जी ही सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति है और राजनीति में स्पष्ट छवि, ईमानदार व्यक्ति मिलना मुमकिन ही नहीं नामुमकिन है। इस बार फिर आदरणीय दिनेश गोयल जी को ही चुना जाएगा।

**विपिन कुमार**
श्रीमान दिनेश गोयल जी अपने व्यवहार के प्रति आमजन के प्रति लोकप्रिय हैं। माननीय दिनेश गोयल जी को जनसेवक के रूप में बार-बार मौका मिलना चाहिए।

**अजय कुमार**
माननीय विधायक दिनेश गोयल जी ऐसे सज्जन महापुरुष हैं जो आज तक मैंने नहीं देखा।

**मनीष गुर्जर**
आदरणीय दिनेश कुमार गोयल जी जैसे व्यक्ति पूरी राजनीति में नहीं हैं जो कि अपने से पहले हमेशा दूसरों के बारे में सोचते हैं और शिक्षा को बहुत आगे लेकर जा रहे हैं।

**ज्योति गुप्ता**
दिनेश गोयल जी जैसी शख्सियत को जनप्रतिनिधि होना चाहिए। इनको बार बार मौका मिलना चाहिए।

**लक्ष्य भाटिया**
दिनेश गोयल जी जैसा व्यक्ति संगठन को एक नई मजबूती देता है और संगठन को हमेशा साथ लेकर एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता है।

**वरुण शर्मा**
बाबूजी दिनेश गोयल जी जिंदाबाद...जिंदाबाद। हमारा नेता कैसा हो दिनेश गोयल जी जैसा हो।

**ठाकुर**
मैं मेरठ का रहने वाला हूं मैं चाहता हूं किसी दिनेश गोयल जी दोबारा से एमएलसी बने क्योंकि वह जब भी हम जाते हैं तुरंत काम कर देते हैं। दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**रोहित अग्रवाल**
हमारे लिए तो वर्तमान एमएलसी आदरणीय दिनेश गोयल जी सबसे उचित और योग्य उम्मीदवार हैं जिन्होंने भाजपा के लिए बरसों पुराना किला ढहाने का काम किया था। उनके पास कोई भी अपना काम लेकर आता है वह व्यक्ति निराशा नहीं लौटता।

**सचिनदेव गर्ग**
दिनेश गोयल जी जैसा ईमानदार व्यक्ति और इतने अच्छे इंसान मिलने मुश्किल है। यह पार्टी में एक मिसाल है जो अपना विधायक का वेतन भी गरीब व असहाय लोगों को बांटते हैं इसलिए इन्हें ही एमएलसी बने रहना चाहिए। यही सबके काम करवाएंगे।

**कपिल भाटी**
दिनेश गोयल जी फिर से। सभी के कार्य के लिए हमेशा तत्पर।

**वशिष्ठ गुप्ता**
इस बार भी दिनेश गोयल। दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**संजीव गुर्जर**
माननीय विधायक जी एमएलसी दिनेश गोयल जी ही चाहिए।

**पंकज कुमार**
जन-जन की यही पुकार दिनेश गोयल की सरकार।

**पवन कुमार शर्मा**
दिनेश गोयल जी ने बहुत विकास कार्य कराए हैं इसीलिए मेरा मत यही।

**रोबिन कुमार**
अब की बार दिनेश गोयल जी जिंदाबाद। आएंगे तो गोयल साहब ही।

**संजय सूर्या**
अबकी बार फिर, एक बार दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**जोगिंदर राजपूत**
अबकी बार फिर से दिनेश गोयल। दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**विसांत राणा**
अबकी बार फिर से दिनेश कुमार गोयल जी ही एमएलसी बनेंगे।

**प्रियांशु गर्ग**
अबकी बार फिर से दिनेश गोयल जी। दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**अशमित मित्तल**
अबकी बार फिर से दिनेश गोयल जी। यही हैं सबकी पसंद।

**रजत शर्मा**
दिनेश गोयल जी ही चाहिए फिर इस बार। बाबूजी जिंदाबाद जिंदाबाद।

## सबके अपने-अपने मत, अपना-अपना विवेक

**बोस्टन लुब्रिकेंट**
दिनेश गोयल जी ने बहुत विकास कार्य कराए हैं आना चाहिए उन्हीं को।

**पंकज गर्ग**
हमारा विधायक कैसा हो दिनेश गोयल जी जैसा हो।

**नीरज शर्मा**
दोबारा से दिनेश गोयल जी चाहिए। यही हमारे काम करवाएंगे।

**संजीव मित्तल**
अबकी बार फिर से दिनेश गोयल जी एमएलसी।

**संजीव राणा**
अब की बार दिनेश गोयल जी। दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**महानंद पासवान**
मैं गाजियाबाद का निवासी हूँ और यहाँ की समस्याओं और विकास की जरूरतों को भली-भांति जानता हूँ। श्री दिनेश गोयल जी ने गाजियाबाद में सराहनीय कार्य किए हैं, जिनका प्रभाव आम जनता के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

**देवेन्द्र कुमार**
गाजियाबाद से दिनेश कुमार गोयल बनेंगे फिर से एमएलसी।

**आदेश गुर्जर**
दिनेश गोयल एक अच्छे इंसान हैं। इन्हीं को पुन: आना चाहिए। जय हो।

**सुभाष सिंह**
एमएलसी पद के लिए केवल श्री दिनेश गोयल जी ही उपयुक्त पात्र हैं।

**हिमांशु गर्ग**
दिनेश गोयल जी ही चाहिए इस बार। यही एकमात्र सही च्वाइस है।

**नवीन कुमार**
माननीय श्री दिनेश गोयल जी जैसा सेवक हमने अपने जीवन में नहीं देखा कुछ लोग राजनीति में पैसा कमाने के लिए आते हैं लेकिन माननीय श्री दिनेश गोयल जी राजनीति में एक सेवक के रूप में कार्य करते हैं। उनके पास कोई भी अपना काम लेकर आता है वह व्यक्ति निराशा नहीं लौटता।

**मो. साहवेज**
अबकी बार फिर से दिनेश गोयल। यही है राइट च्वाइस हमारी।

**जनक नागर**
दिनेश गोयल जी फिर से। यही शख्स ऐसा है जो सबको प्रिय है।

**आराध्य कुमार सैनी**
दिनेश गोयल जी जिंदाबाद थे, जिंदाबाद हैं और जिंदाबाद रहेंगे।

**उज्जवल गर्ग**
अबकी बार फिर से श्री दिनेश गोयल जी की सरकार।

**विक्की शांडिल्या**
अबकी बार फिर एक बार दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**विजयमोहन जिंदल**
एमएलसी श्री दिनेश जी को दुबारा एमएलसी बनाना चाहिए।

**अनुज चौहान**
हमें चाहिए केवल दिनेश गोयल जी। यही नाम जेहन से उभरता है बस।

**कपिल चौहान**
अनिल अग्रवाल जी को मौका देना चाहिए। यही करेंगे विकास कार्य।

**विक्की संडालिया**
अबकी बार फिर एक बार दिनेश गोयल जिंदाबाद।

**योगेश मित्तल**
अबकी बार फिर दिनेश गोयल जी। इनको ही आना बनाना चाहिए।

**प्रिंस प्रधान**
जन-जन की यही पुकार फिर एक बार दिनेश गोयल जी।

**पवन कुमार**
दिनेश गोयल जी ने बहुत विकास कार्य कराए हैं इसीलिए मेरा मत यही।

**रोहित गुर्जर**
दिनेश गोयल जी ही हमारे नेता हैं। इनको ही बनाना चाहिए।

**वशिष्ठ गुप्ता**
हम सब मिलकर मेहनत करेंगे। दिनेश गोयल जी को ही दुबारा आएंगे।

**जोनी जिनवाल**
अबकी बार अनिल अग्रवाल जी को बनाया जाए।

**विजेन्द्र सैनी**
जय हो। दिनेश जी जैसी शख्सियत को जन प्रतिनिधि होना चाहिए।

## 'नेता वही जो जनता मन भाए आएगा वही जो जनता चाहे'

**रचित सिंघल**
एक बार और दिनेश गोयल होने चाहिए। सादगी की एक मिसाल।

**हर्ष सिंघल**
अबकी बार फिर से दिनेश गोयल। दिलों में बस जाते हैं गोयल साहब।

**आदर्श नायक**
अबकी बार श्री दिनेश गोयल जी की सरकार। यही सही है।

शेष, पृष्ठ 6

## संपादकीय

# आतंक पर हमला, तो युद्ध

प्रधानमंत्री मोदी और वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की मुलाकात हुई। इससे एक दिन पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रधानमंत्री से मिले थे। सेना प्रमुखों की प्रधानमंत्री के साथ ये मुलाकातें सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री इन मुलाकातों से पहले 29 अप्रैल को रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों की एक बैठक कर चुके थे। उसी में सेनाओं को प्रहार का तरीका, लक्ष्य, जगह और समय तय करने की ह्यखुली छूटह्व दी गई थी। फिर अलग से ये मुलाकातें क्यों की गईं? बेशक सेनाओं को खुली छूट है, लेकिन वे अलग-अलग प्रधानमंत्री को तो ब्रीफ करेंगी कि यदि युद्ध की नौबत आई, तो उनकी क्या तैयारियां हैं? वायुसेना प्रमुख ने हवाई आक्रमण का खुलासा किया होगा! हाल ही में उप्र के शाहजहांपुर में ह्यगंगा एक्सप्रेस वेह्व पर बनाई गई विशेष हवाई पट्टी पर राफेल, सुखोई, मिग-29, एएन-32, जगुआर, मिराज सरीखे लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो का प्रदर्शन किया और रात्रि में लैंडिंग कर अपने युद्धाभ्यास को सार्थक किया। अर्थात हमारे लड़ाकू विमान किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। नौसेना अध्यक्ष ने अरब सागर की हलचलों से प्रधानमंत्री मोदी को ब्रीफ किया होगा! नौसेना ने विशालकाय आईएनएस- विक्रांत को समंदर में तैनात कर दिया है। वह लड़ाकू विमानों और परमाणु अस्त्रों से युक्त है। भारत ने परमाणु मिसाइल वाली पनडुब्बी को भी समंदर में ह्यसक्रियह्व कर दिया है। नौसेना सुरक्षा और निगरानी को अधिक बढ़ाने के मद्देनजर भारत ने अमरीका की ह्यहॉक आईह्व खरीदने का 13.1 करोड़ रुपए का करार किया है। रूस से ह्यइग्ला-एसह्व मिसाइलें खरीदने का करीब 260 करोड़ रुपए का करार किया गया है। ऐसी कई तैयारियां होंगी, जो हमारी सेनाएं कर रही हैं, लेकिन न तो हमें पर्याप्त जानकारी है और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर हम उन्हें सार्वजनिक करेंगे। प्रधानमंत्री के साथ सेना-प्रमुखों की ऐसी मुलाकातों और बैठकों में विशिष्ट लक्ष्यों, उद्देश्यों, आपातकालीन जरूरतों, सेना-विशेष की चुनौतियों और उचित समय आदि पर खुल कर बातचीत होती है। सेना-प्रमुख प्रधानमंत्री को अपनी सेना की तैयारियों और संभावित विकल्प पर तुरंत प्रहार करने की क्षमताओं को भी ब्रीफ करते हैं। इनके ये मायने नहीं हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध छिडन्ने ही वाला है। भारत के प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री ने युद्ध संबंधी न तो कोई बयान दिया है और परमाणु हथियारों की धमकी तो बहुत दूर की बात है। पाकिस्तान के मंत्री और राजदूत परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के लगातार बयान देते रहे हैं। भारत में सेना-प्रमुख कोई भी बयान नहीं देते। यह विशेषाधिकार प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री का है। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार देश को आश्वस्त किया है कि आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वालों पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई जरूर की जाएगी। यानी भारत के राजनीतिक नेतृत्व और सेनाओं के निशाने पर पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकी, उनके गुट और उनके पनाहगार हैं।

# टैरिफ और दुनिया में जारी तनाव से बढ़ी व्यापार अनिश्चितता

# मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाया




### अमेरिका चीन की वृद्धि दर का अनुमान भी घटाया

मूडीज ने कहा है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में जारी टैरिफ युद्ध के असर से पूरी दुनिया में व्यापार और निवेश पर असर आएगा। इसके चलते वैश्विक विकास दर इस साल धीमी रहने का अनुमान है। मूडीज ने अमेरिका के जीडीपी वृद्धि अनुमान को भी कम किया है। मूडीज के तहत 2025 में अमेरिका की वृद्धि दर एक प्रतिशत रह सकती है, जिसके पहले दो प्रतिशत रहने का अनुमान था। वहीं अगले साल अमेरिका की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 1.5 प्रतिशत रह सकती है, जिसके लिए पहले 1.8 प्रतिशत का अनुमान था। चीन की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2025 में 3.8 प्रतिशत और 2026 में 3.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024 में पांच प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है।

**नई दिल्ली।** मूडीज ने कहा है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में जारी टैरिफ युद्ध के असर से पूरी दुनिया में व्यापार और निवेश पर असर आएगा। इसके चलते वैश्विक विकास दर इस साल धीमी रहने का अनुमान है। मूडीज ने अमेरिका के जीडीपी वृद्धि अनुमान को भी कम किया है।

अमेरिका द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए टैरिफ से वैश्विक स्तर पर व्यापार अनिश्चितता का माहौल है। इसका असर भारत की वृद्धि दर पर भी पड़ने की आशंका है। यही वजह है कि रेटिंग एजेंसी मूडीज ने साल 2025 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने पहले अनुमान जताया था कि 2025 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

भू-राजनीतिक परिस्थितियों का होगा असर मूडीज ने अपने वैश्विक मैक्रो आउटलुक 2025-26 में मई अपडेट में बताया है कि भूराजनैतिक परिस्थितियों जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव से भी भारत की विकास दर पर असर पड़ने की आशंका है। इससे निवेश और उद्योगों पर असर आएगा। हालांकि मूडीज ने साल 2025 के लिए भले ही विकास दर में कटौती का अनुमान जताया है, लेकिन साल 2026 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत ही रहने की संभावना जताई है। साल 2024 में भारत की विकास दर 6.7 प्रतिशत रही थी। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया विकास को बढ़ावा देने के लिए बेंचमार्क नीतिगत दरों को कम करेगा।

# जापान को पछाड़ 2025 में दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## 2028 में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा देश

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक के अप्रैल 2025 के संस्करण के अनुसार, भारत 2025 में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 4,187.017 बिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है, जो जापान के संभावित जीडीपी से थोड़ी अधिक है। इस वित्त वर्ष में जापान की अनुमानित जीडीपी 4,186.431 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान लगाया है। अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी है।



### 2028 में पहुंच सकती है तीसरे स्थान पर

आईएमएफ के मुताबिक वृद्धि की वर्तमान दर बनी रही, तो भारत 2028 तक जर्मनी (4.9 ट्रिलियन डॉलर ) को भी पीछे छोड़ कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

# वॉल स्ट्रीट में तेजी थमने के बाद एशियाई शेयर बाजार में बढ़त

## टैरिफ को लेकर अनिश्चितता बरकरार

**नई दिल्ली।** वॉल स्ट्रीट में लगातार नौ दिन से जारी तेजी का सिलसिला मंगलवार को थम गया। इसके बाद भी एशियाई बाजार में बढ़त रही। अमेरिकी शेयर वायदा में गिरावट आई। वहीं तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई। वहीं बाजार में ट्रंप के टैरिफ को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। एशिया में चीन के बाजार में तेजी दिखी। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.7% बढ़कर 3,302.83 पर पहुंच गया, जबकि हॉन्गकॉन्ग का हैंग सेंग 0.4% बढ़कर 22,599.32 पर पहुंच गया। इसके अलावा ताइवान के ताइएक्स 0.2% बढ़ा और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.2% बढ़कर 8,144.20 पर पहुंच गया।



### कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा

अमेरिकी बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमत 74 सेंट बढ़कर 57.87 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 74 सेंट बढ़कर 60.97 डॉलर प्रति बैरल हो गई। आठ तेल उत्पादक देशों के ओपेक+ समूह ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह एक जून से अपने उत्पादन में 411,000 बैरल प्रतिदिन की वृद्धि करेगा। मगर सोमवार को अमेरिकी कच्चे तेल की कीमतों में 4% तक की गिरावट आई। सोमवार को एसएंडपी 500 0.6% गिरकर 5,650.38 पर आ गया, जिससे 2004 के बाद से इसकी सबसे लंबी बढ़त का सिलसिला समाप्त हो गया। वहीं डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.2% गिरकर 41,218.83 पर आ गया। नैस्डैक कंपोजिट 0.7% गिरकर 17,844.24 पर आ गया।

### आईटी कंपनी के शेयरों में गिरावट

कारोबारी दिन प्रौद्योगिकी कंपनियों (आईटी) और अन्य बड़े शेयरों में सबसे अधिक गिरावट आई। एप्पल में 3.1%, अमेजॅन में 1.9% और टेस्ला में 2.4% की गिरावट आई। इसके अलावा वॉरेन बफेट के बर्कशायर हैथवे के सीईओ पद से हटने की घोषणा के बाद बर्कशायर हैथवे के शेयरों में 5.1% की गिरावट आई। फोर्ड मोटर कंपनी ने सोमवार को कहा कि इस साल टैरिफ से उसके परिचालन लाभ में 1.5 बिलियन डॉलर की कमी आने की उम्मीद है।

# 'साल 2025 में डॉलर के मुकाबले 85 से 87 रुपये बनी रहेगी रुपये की कीमत'

**नई दिल्ली।** साल 2025 में अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) के मुकाबले भारतीय रुपया 85 से 87 रुपये के बीच स्थिर रह सकता है। कई ऐसे वैश्विक और घरेलू कारक रुपये को मजबूती देने में मदद कर सकते हैं और आने वाले महीनों में डॉलर/रुपया विनिमय दर को स्थिर बनाए रख सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि डॉलर/रुपया की विनिमय दर 2025 में 85-87 रुपये के बीच स्थिर रहेगी। टैरिफ का घरेलू स्तर पर असर डॉलर पर पड़ेगा, जिससे रुपये को समर्थन मिलेगा। इसमें आगे कहा गया, 'डीएक्सवाई इंडेक्स के गिरने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर टैरिफ का असर दिखने लगेगा।




डीवाईएक्स इंडेक्स अमेरिकी डॉलर को अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मापता है। डॉलर के कमजोर होने से भारत जैसे उभरते बाजारों की मुद्राओं की लाभ होगा।'

इसमें यह भी बताया गया कि नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजार में मई 2026 में एक डॉलर की कीमत करीब 85.87 से 86 रुपये हो सकती है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में कोई भी नीले रंग का फल नहीं है, यहां तक कि ब्लूबेरिज भी पर्पल यानी कि बैगनी रंग की होती है।
- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- छिपकली का दिल 1 मिनट में 1000 बार धड़कता है।
- India और Vietnam दोनों देशों के राष्ट्रीय फूल कमल हैं।
- हाथी एकमात्र ऐसा स्थान पाई जीव है जो कूद नहीं सकता है।
- एक दिन में आप इतनी बार पलके झपकाते हैं कि वह आधे घंटे की आंखें बंद होने के बराबर होता है।
- अभी भी जमीन के अंदर इतना सोना है कि इस धरती के सभी लोगों में बराबर बराबर बांटा जाये तो सभी के हिस्से में 4 किलो सोना आ सकता है।
- भारत एकमात्र देश हैं जिसके प्रत्येक product पर MRP rate लिखा रहता हैं।
- अंगुलियों की छाप की तरह जिब की छवि सबकी अलग-अलग होती है।
- इंसान की जीभ का घाव सबसे अधिक तेजी से ठीक होता है।
- चार्ज होते हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने से उसकी बैटरी खराब हो सकती है।

## राशिफल

**मेष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मिथुन:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**कर्क:** वाणी में सौम्यता रहेगी। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**सिंह:** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। व्यस्तता बढ़ेगी।

**तुला:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक:** कारोबार में भाई-बहनों का साथ मिल सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**धनु:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है। संयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र बढ़ सकता है।

**मीन:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

## चुटकुले

बाप- अगर तुम इस बार भी फेल हो गए तो मुझे पापा मत कहना....
कुछ दिन बाद...
बाप- तुम्हारे रिजल्ट का क्या रहा चिंटू...
चिंटू- दिमाग खराब मत करो हरीशचंद्र...तुम अपने बाप होने का हक खो चुके हो.
दे जूते.....दे चप्पल.....दे जूते।

---

महिला - बाबा, मेरे और मेरे पति के बीच प्रेम कम हो गया है.
कोई उपाय बताओ.
बाबा - बेटा, शनिवार को फेसबुक और रविवार को व्हाटसएप का उपवास रखो।

---

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना.
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं.
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते,
मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी!
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ।

## 07 05 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



केशव प्रसाद मोर्या
डिप्टी सीएम, उत्तर प्रदेश



रितिका वर्मा



सुनीता यादव



बबीता गुप्ता



हिमांशी गोयल



अनु चौधरी



कनिका भारती



संतोष राणा



दिनेश शर्मा



विपिन ककनानी



फरियाद खान



ईश्वर



जितेंद्र



चरणजीत सिंह



राजीव कुमार



अनूप चौधरी



आदित्य चौहान



रवि मोर्या



कुंवरपाल मलिक



हैदर अली



रवि



मुकेश राघव



संजीव छाबड़ा



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

## करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 19वें वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारतीय जुड़वां प्रतिभाओं ने मचाई धूम



**नई दिल्ली।** भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के ट्विंस क्लब ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025 में हिस्सा लेकर भारत का परचम लहराया। 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित इस वैश्विक समारोह में क्लब के 10 जुड़वां प्रतिभागियों ने न केवल अपने अद्वितीय प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि भारतीयता की छाप भी पूरे आयोजन पर छोड़ दी।

## ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर : संस्कृति सेतु बने जुड़वां

इस वर्ष के फेस्टिवल की थीम 'ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर' पर आधारित थी। कार्यक्रम में अमेरिका, इंग्लैंड, मलेशिया, नाइजीरिया, घाना, युगांडा, नेपाल, श्रीलंका सहित 20 देशों के 200 से अधिक विदेशी जुड़वां प्रतिभागी और चीन के 500 ट्विंस शामिल हुए।

## प्रतियोगिता में इन भारतीयों ने नाम रोशन किया

इंटरनेशनल ट्विन्स डांस कॉम्पिटिशन में भारतीय प्रतिभागियों ने अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया। मंजरी-मयूरी को बेस्ट क्लासिकल परफॉर्मेंस का खिताब मिला (राजस्थानी घूमर पर प्रस्तुति)। ऋद्धि-सिद्धि ने मोस्ट एनर्जेटिक डांस का पुरस्कार जीता (गरबा व नगाड़ा सांग का फ्यूजन)। ट्विंस क्लब, भोपाल के अध्यक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि क्लब जल्द ही भोपाल में एक भव्य ट्विंस फेस्टिवल आयोजित करने की योजना बना रहा है, जिसमें देशभर के जुड़वां बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा।

## संस्कृति की शोभा बनी भारतीय टोली

ग्रैंड ट्विन्स परेड में भारतीय जुड़वां प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। अभिषेक-अनुज ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाएं प्रदर्शित कीं। ऋद्धि-सिद्धि ने नौवारी साड़ी और पगड़ी पहन मराठी संस्कृति को सजीव किया। मंजरी-मयूरी ने राजस्थानी घूमर वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहीं। ओनी-ओनस ने अन्य देशों से आए ट्विंस के साथ भारत के ट्विंस क्लब और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर संवाद किया। सबसे कम उम्र के प्रतिभागी नित्य-निश्चय ने भी चीन के स्थानीय ट्विंस से भारत की संस्कृति पर चर्चा की और क्लब की जानकारी दी।

## गौरव का प्रतीक- ट्विंस क्लब, भोपाल

ट्विंस क्लब भोपाल, जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (2003) में स्थान मिला है, वर्ष 2014 से इस अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करता आ रहा है। यह देश का सबसे बड़ा, सबसे पुराना और सक्रिय ट्विंस क्लब है। इस आयोजन में भाग लेने वाले भारतीय ट्विंस ने न केवल अपनी कला और संवाद कौशल से दुनिया का दिल जीता, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और गरिमा को वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। अगली बार और भी ज्यादा भारतीय ट्विंस की भागीदारी की आशा के साथ यह उत्सव यादगार बन गया।

# द. अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में जगह बनाने उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम श्रीलंका के कोलंबो में जारी त्रिकोणीय वनडे सीरीज में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ेगी। इस मैच में टीम इंडिया की नजरें पिछले मैच में श्रीलंका से मिली हार से उबरकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का आठ मैचों की जीत का सिलसिला रविवार को मेजबान श्रीलंका से हार के साथ समाप्त हो गया।

## भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर

भारतीय टीम हालांकि अब भी अपने बेहतर रन रेट के कारण फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है, लेकिन वह अपने अगले मैच में जीत हासिल करके स्थान पक्का करने उतरेगी। भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। वे दूसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका से आगे हैं, जिसके भी चार अंक हैं लेकिन उसका नेट रन रेट -0.166 है। भारत का नेट रन रेट 0.433 है।

## गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

स्नेह राणा ने गेंदबाजी में कमान अच्छी तरह से संभाली है। उन्होंने तीन मैचों में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए हैं। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। पहले दो मैचों में गेंदबाजों ने भारत को जीत दिलाई, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस मैच में ऑलराउंडर काशवी गौतम केवल पांच ओवर करने के बाद मैदान से बाहर चली गई थी। कप्तान हरमनप्रीत ने हार के बाद कहा था, 'गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें सुधार करने की जरूरत है। आज मौके थे, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा सके।'

बात अगर दक्षिण अफ्रीका की टीम की करें तो उसकी टीम संघर्ष करती हुई नजर आ रही है। उसे पिछले नौ एकदिवसीय मैचों में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें इस श्रृंखला के दोनों मैच भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन अगले मैच में उसे श्रीलंका से बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों ने खराब प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करने में संघर्ष करना पड़ा है, जबकि गेंदबाजों की लाइन और लेंथ में अनुशासन की कमी है, जिससे उसके लिए दबाव बनाना या विकेट लेना मुश्किल हो गया है। श्रीलंका की भीषण गर्मी से निपटने का संघर्ष उनकी मुसीबतों को और बढ़ा रहा है।



## दक्षिण अफ्रीका को पहली जीत की तलाश

दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं जीता है, लेकिन उसे अभी दो मैच खेलने हैं और इनमें जीत हासिल करने पर वह भी फाइनल में जगह बना सकती है। इस सीरीज में भारत की बल्लेबाजी एक बड़ा सकारात्मक पक्ष रही है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल दो अर्धशतक सहित 163 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। अन्य बल्लेबाजों ने भी इसमें योगदान दिया है।

## काशवी गौतम के चोटिल होने से लगा झटका

इंडिया टुडे की रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑलराउंडर काशवी गौतम के चोटिल होने से झटका लगा है। गौतम ने इसी सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। हालांकि, वह डेब्यू सीरीज तीन मैच बाद ही पैर में चोट लगा बैठीं और सीरीज से बाहर हो गईं। 22 वर्षीय खिलाड़ी सीरीज में तीन मैचों में कोई विकेट नहीं ले पाईं और बल्ले से भी 22 रन ही बना पाईं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी जगह क्रांति गौड़ को शामिल किया जाना तय है। क्रांति ने भी अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है और डब्ल्यूपीएल में यूपी वॉरियर्स के लिए आठ मैच खेले हैं। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने अपने करियर में आठ पारियों में छह विकेट झटके हैं।

## दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**भारत:** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी।

**दक्षिण अफ्रीका:** एल वोल्वाड्र्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, लारा गुडॉल, काराबो मेसो (विकेटकीपर), सुने लुस, एनेरी डर्कसन, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, नॉनकुलुलेको मलाबा, मसाबाता क्लास, अयाबोंगा खाका।

# राहुल वैद्य का विवादास्पद बयान, बोले- 'विराट कोहली तो हैं ही, उनको फैंस तो और भी बड़े..'



**मुंबई।** अवनीत कौर की पोस्ट लाइक करने के बाद से भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब सिंगर राहुल वैद्य ने विराट कोहली और उनके प्रशंसकों पर बड़ा बयान दिया है। राहुल ने कहा कि विराट कोहली के फैंस विराट से भी बड़े जोकर हैं। इसके अलावा उन्होंने विराट के फैंस पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनके परिवार को गाली दी है।

बीते दिन सोमवार को गायक राहुल वैद्य ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई, जिसमें उन्होंने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनके फैंस के बारे में विवादित टिप्पणी की। राहुल ने लिखा, विराट कोहली के प्रशंसक विराट से भी बड़े जोकर हैं। यह बात विराट कोहली के फैंस को पंसद नहीं आई। इसके बाद राहुल वैद्य ने एक और स्टोरी लगाई, जिसमें उन्होंने लिखा, और अब आप मुझे गाली दे रहे हैं, यह ठीक है। लेकिन आप मेरी पत्नी, मेरी बहन को गाली दे रहे हैं, जिनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। इसका मतलब मैं सही था, इसलिए विराट कोहली के सभी फैंस जोकर हैं, दो कौड़ी के जोकर।

इतना लिखने के बाद भी राहुल वैद्य का मन नहीं भरा। उन्होंने एक रील भी शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि इन दिनों उनका फेवरेट गाना है सारी उम्र मैं जोकर बनया रहा।

पिछले दिनों क्रिकेटर विराट कोहली ने अभिनेत्री अवनीत कौर की एक पोस्ट लाइक की थी।

# राष्ट्रीय स्कूली खेलों में हिमाचल ने जीते 33 मेडल

**हिमाचल प्रदेश।** स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इन खेलों में हिमाचल के छात्र खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 की हुई प्रतियोगिताओं में 33 मेडल जीते। इनमें तीन स्वर्ण पदक और छह रजत और 24 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। अंडर-19 में ध्रुव ने 91+ किलोग्राम में रजत पदक, वरुण वर्मा 56 किलोग्राम में रजत, साहिल कुमार ने 46 किलोग्राम में तुषार ने 60 किलोग्राम में, लड़कियों में विभूति नेगी 57 किलोग्राम और सानिया राणा 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इन खेलों में हिमाचल के छात्र खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 की हुई प्रतियोगिताओं में 33 मेडल जीते। इनमें तीन स्वर्ण पदक और छह रजत और 24 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। अंडर-19 में ध्रुव ने 91+ किलोग्राम में रजत पदक, वरुण वर्मा 56 किलोग्राम में रजत, साहिल कुमार ने 46 किलोग्राम में तुषार ने 60 किलोग्राम में, लड़कियों में विभूति नेगी 57 किलोग्राम और सानिया राणा 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। पदक जीतने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और स्कूली क्रीड़ा संगठन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।



## इन खिलाड़ियों ने जीते मेडल

स्कूली नेशनल में पदक विजेता खिलाड़ियों में कुश्ती में सोलन के लोधीमाजरा स्कूल की प्रेमा मेहता, पंजेहरा की हर्षिता, लोधी माजरा के यादविंद्र, हमीरपुर ब्लू स्टार के रजत कुमार, रिसा मंडी के रोहित राव, सुंदरनगर मंडी जीबीएसएसएस की श्रेया वीर यादव, कावेरी स्कूल धनोटू मंडी के शोर्यवीर चौधरी, ताइक्वांडो में डीएवी दरकोटी हमीरपुर की सृष्टि ठाकुर, बॉक्सिंग में किन्नौर के कल्पा स्कूल के हर्षित कुमार, ब्लू स्टार हमीरपुर के निखिल कुमार, जिला कांगड़ा की सुजल, मंडी के राजगढ़ स्कूल की मोनिका शर्मा, सांजी मंडी के ध्रुव, ऊना के पीएसएसएस पक्का परोह के वरुण शर्मा, बॉयज स्कूल बिलासपुर के साहिल, बॉयज स्कूल सुंदरनगर के तुषार, उर्नी स्कूल किन्नौर की विभूति नेगी, शिमला के गर्ल्स स्कूल पोर्टमोर की सानिया राणा ने मेडल जीता है। जूडो में ब्लू स्टार स्कूल हमीरपुर की कृतिका, हमीरपुर के कुठेड़ा स्कूल की अंकिता ठाकुर ने मेडल जीता। कराश में गर्ल्स स्कूल सोलन की दीपांशी धूली, देवठी सोलन के गौरव शर्मा, चंबा के कुशनगरी स्कूल के आदित्य ठाकुर, शिमला के देहा स्कूल के अर्व हिमटा, कुल्लू के साई स्टार स्कूल के आर्यन, सोलन धर्मपुर की तानिया सेनी, हमीरपुर के कांगू स्कूल के अक्षित ठाकुर, सोलन के देवठी स्कूल की याशिका, डीएवी एसएसएस ऊना के सार्थक मंडी के धवाल स्कूल के सिद्धार्थ ठाकुर ने मेडल जीता। आर्टिस्टिक योगा के नेशनल में सुपर मेगनेट पीएस हमीरपुर की निधि डोगरा ने मेडल जीता है। टीम इवेंट में हिमाचल ने हॉकी अंडर -17 गर्ल्स और हैंडबाल अंडर-19 गर्ल्स में मेडल जीत का प्रदेश का मान बढ़ाया है।

# सनराइजर्स हैदराबाद बाहर, अब भी शीर्ष दो में जगह बना सकती है दिल्ली कैपिटल्स की टीम



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला बारिश से धुल गया। इस मैच से पहले तक सनराइजर्स के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें एक धागे से लटकी हुई थीं। टीम को बाकी बचे चार मैचों में जीत हासिल करनी ही थी, लेकिन सोमवार को बारिश ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। अच्छी गेंदबाजी कर दिल्ली को कम स्कोर पर रोकने के बाद सनराइजर्स की टीम उम्मीद कर रही थी कि वह जल्द मैच खत्म करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बारिश के कारण दूसरी पारी का खेल नहीं हो सका और दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटने पड़े।

इसी के साथ सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। वहीं, दिल्ली की टीम के पास अब भी शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका है। सोमवार को टीम की खराब बल्लेबाजी को बारिश ने बचा लिया और एक महत्वपूर्ण अंक उन्हें मिला। इस नतीजे के साथ अब लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। उन्हें बाकी बचे तीनों मैच में जीत दर्ज करनी ही होगी। एक भी हार उन्हें प्लेऑफ की रेस से बाहर कर देगी, क्योंकि अब 14 अंक क्वालिफिकेशन के लिए काफी नहीं होगा। छह टीमों के पास 16 या उससे ऊपर अंक अर्जित करने का मौका है।

अगर दिल्ली की टीम 13 अंक हासिल करती है, यानी लगातार तीनों मैच हारती है, तो टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। एक जीत से टीम की उम्मीदें कायम रहेंगी। अगर दिल्ली की टीम 19 अंक हासिल करती है, यानी बाकी बचे तीनों मैच जीतती है तो टीम शीर्ष-दो में भी अपना स्थान पक्का कर सकती है। इस स्थिति में वह मुंबई से आगे ही रहेंगे और पंजाब के साथ उनके अंक समान रह सकते हैं। फिर नेट रन रेट मायने रखेगा। हालांकि, टीम को शीर्ष दो में जगह बनाने में तब कोई कठिनाई नहीं आएगी, अगर बेंगलुरु की टीम अपने बाकी बचे तीन में से दो मैच और गुजरात की टीम अपने बाकी बचे चार मैचों में से एक मैच हार जाती है। दिल्ली का अगला मुकाबला पंजाब से ही है और यह मैच डीसी के लिए जीतना बेहद जरूरी है। अगर दिल्ली का सफर 15 अंकों के साथ समाप्त होता है, तो यह टीम चाहेगी कि मुंबई इंडियंस गुजरात और पंजाब दोनों को हरा दे। संयोग से दिल्ली के भी अगले दो प्रतिद्वंद्वी यही दो टीमें हैं। इसके साथ ही दिल्ली यह भी मनाएगा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स एक-एक मैच हार जाएं।

## प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को क्या चाहिए?

दिल्ली के तीन मैच बाकी हैं। उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके घर में खेलना है, फिर गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने घर में खेलना है। इसके बाद टीम मुंबई इंडियंस का उनके घर में सामना करेगी। तीनों ही मैच मुश्किल हैं, क्योंकि ये तीनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष चार स्थान पर काबिज हैं। वहीं, दिल्ली की टीम 11 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसके 13 अंक हैं और एक मैच बेनतीजा रहा है। यह मानते हुए कि आगे किसी भी मैच में बारिश खलल नहीं डालेगी, दिल्ली कैपिटल्स के पास अब लीग को 13, 15, 17 या 19 अंकों पर समाप्त करने का मौका है।

यदि दिल्ली की टीम दो मैच जीतने में कामयाब रहती है और 17 अंकों के साथ समाप्त करती है, तो केकेआर और पंजाब के साथ उनके अंक समान रह सकते हैं और टाई हो सकता है। इस स्थिति में आरसीबी, मुंबई और गुजरात में से कोई दो टीमें 18-18 अंक हासिल करेंगी और शीर्ष स्थान हासिल करने की दावेदार होंगी। ऐसे में केकेआर, पंजाब और दिल्ली के बीच नेट रन-रेट में चौथी टीम का फैसला होगा। यदि गुजरात अपने बाकी बचे चारों मैच जीतता है, तो उनका शीर्ष दो में जगह बनाना तय है। इस मामले में केवल आरसीबी ही 22 अंकों के साथ उनकी बराबरी कर सकता है। यदि एमआई और जीटी दोनों ही टीमें 20-20 अंकों पर समाप्त होती हैं, यानी मंगलवार को गुजरात के खिलाफ अगर मुंबई की टीम जीत हासिल करती है और उसके बाद गुजरात अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतती है तो मुंबई और गुजरात दोनों के पास शीर्ष-दो पर रहते हुए लीग स्टेज को समाप्त करने का मौका होगा। हालांकि, यह आरसीबी के बाकी बचे मैचों के नतीजों पर निर्भर रहेगा।

# नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 के टिकटों की बिक्री शुरू, दिग्गजों का लगेगा मेला



**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। 24 मई से बेंगलुरु में एनसी क्लासिक टूनार्मेंट की शुरूआत होगी।

आयोजकों की विज्ञप्ति के मुताबिक टिकट 199 रुपये से 9,999 रुपये की रेंज में उपलब्ध है। जोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के मुताबिक, 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) और युवा सशक्तिकरण और खेल विभाग (डीवाईईएस) सहित राज्य संघ और सरकारी निकाय विश्व स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## बंगलूरू में ही क्यों हो रही प्रतियोगिता?

नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को बंगलूरू के कांतिरावा स्टेडियम में होगा। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है यानी यह प्रतियोगिता विश्व में एथलेटिक्स की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त है जिसने इसे गोल्ड लेवल का दर्जा दिया है। नीरज ने कहा, 'मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 लक्स चाहती थी, लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए हमने प्रतियोगिता को बंगलूरू के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा।'

## कई दिग्गज लेंगे हिस्सा

इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा। इसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। पीटर्स ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और रोहलर के अलावा केन्या के जूलियस येगो (2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक विजेता और 2015 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भी हैं) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने भी भागीदारी की पुष्टि की है। इसके अलावा एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज भी विदेशी सितारों में शामिल होंगे।

## अरशद को न्योता भेजने के लिए हुआ था विवाद



पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इस हमले से दो दिन पहले नीरज चोपड़ा ने एनसी क्लासिक प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी न्योता भेजा था, जिसे नदीम ने ठुकरा दिया था। इसके बाद इसको लेकर बवाल भी हुआ। उन्होंने कहा कि न्योता भेजने की वजह से देश के प्रति उनकी ईमानदारी पर सवाल उठे और यहां तक कि उनके परिवार को अपशब्द कहे गए। इसको वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। नीरज ने कहा था, 'पहलगाम में आतंकवादी हमलों से दो दिन पहले सभी एथलीटों को निमंत्रण दिया गया था। पिछले 48 घंटों में जो कुछ भी हुआ है, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के होने का सवाल ही नहीं उठता।'

उन्होंने कहा, 'मैं आमतौर पर कम बोलने वाला व्यक्ति हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं जो गलत समझता हूं उसके खिलाफ नहीं बोलूंगा। खासकर जब बात इस देश के प्रति मेरे प्यार और सम्मान और मेरे परिवार के सम्मान पर सवाल उठाने की आती है। मेरा देश और उसका हित हमेशा पहले आएगा।' नीरज भारत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक और 2024 पेरिस खेलों में रजत पदक जीता था। पेरिस 2024 में अरशद नदीम ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया था। नीरज ने कहा, 'मैं यह सुनिश्चित करने के लिए और भी अधिक मेहनत करूंगा कि दुनिया भारत को याद रखे और सभी उचित कारणों से इसे ईर्ष्या और सम्मान की नजर से देखे। जय हिंद।'

# 79 रन बनाते ही रोहित शर्मा बना लेंगे बड़ा रिकॉर्ड, इस मामले में कर सकते हैं विराट कोहली की बराबरी



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ मंगलवार को खेले जाने वाले मैच में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। हिटमैन 79 रन बनाते ही विराट कोहली की बराबरी कर लेंगे। आईपीएल 2025 का 56वां मुकाबला वानखेड़े में खेला जाएगा। इस मैच में जीत के साथ पांच बार की विजेता टीम अंक तालिका में पहला स्थान हासिल करना चाहेगी।

## आईपीएल में 7000 रन पूरे कर सकते हैं रोहित

अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आगामी मैच में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। वह 79 रन बनाते ही आईपीएल में 7000 रन पूरे कर लेंगे। ऐसा करने वाले वह विराट कोहली के बाद दूसरे बल्लेबाज होंगे। हिटमैन ने पिछली चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े हैं। वह दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## फॉर्म में वापसी करने में कामयाब हुए रोहित

दाएं हाथ के बल्लेबाज की सत्र में शुरूआत अच्छी नहीं हुई थी। हालांकि, चेन्नई के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 45 गेंदों में 76 रनों की नाबाद पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की और टीम को नौ विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब तक खेले 10 मैचों में रोहित ने 293 रन बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। 38 वर्षीय बल्लेबाज के नाम आईपीएल में 262 पारियों में 6921 रन दर्ज हैं। इनमें दो शतक और 46 अर्धशतक शामिल हैं।

## सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन सकते हैं रोहित



गुजरात के खिलाफ मुकाबले में रोहित एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। वह आईपीएल में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने से वह महज तीन कदम दूर हैं यानी उन्हें सिर्फ तीन छक्के और लगाने हैं। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज का नाम क्रिस गेल है, जिन्होंने 141 पारियों में 357 छक्के ठोके हैं। वहीं, रोहित के नाम 262 पारियों में 297 छक्के दर्ज हैं।

# एमएलसी चुनाव को लेकर दिनेश गोयल के पक्ष में आया समर्थन का सैलाब

## तमाम जिले के समर्थकों ने कहा, दिनेश गोयल ही रहेंगे बेस्ट कैंडिडेट



**सचिन चपराणा**



कोई भी आदरणीय विधायक श्री दिनेश गोयल जी की बराबरी नहीं कर सकता क्योंकि यह पहले ऐसे विकास पुरुष नेता हें जिन्होंने बिना किसी भेदभाव के सबका विकास कार्य किया है।

**हिमांशु गर्ग**



आदरणीय दिनेश गोयल जी जैसा व्यक्तित्व मैंने पूरी राजनीति में नहीं देखा। इतनी स्पष्ट छवि ईमानदार व्यक्तित्व राजनीति में मिलना बड़ी बात है। हमारे आदर्श है दिनेश गोयल जी।

**दीपक कुमार**



कोई झूठ की राजनीति के सहारे बैठे हैं। कोई लूट की राजनीति के सहारे बैठे हैं कोई जाकर कह दो इन धोखेबाजों से। अभी हमारे ईमानदार नेता दिनेश गोयल जी बैठे है, दिनेश गोयल जी बैठे हैं। आज तक इनके जैसा व्यक्तित्व नहीं देखा।

**नीरज महेश्वरी**



आदरणीय दिनेश गोयल जी जैसा सरल, स्वभाव व्यक्तित्व मैंने पूरी राजनीति में नहीं देखा। इतनी स्पष्ट छवि, ईमानदार व्यक्तित्व राजनीति में मिलना किसी भी कार्य को छात्र-छात्राओं, कॉलेज के हितों में बिना रोक एकदम से करना आपके कई सारे उदाहरण।

**शुभम गोयल**



श्री दिनेश गोयल जैसा व्यक्ति पूरी राजनीति में नहीं मिल सकता क्योंकि ये राजनीति नहीं समाज सेवा करने आए है इनको कभी भी समाज हित मे कोई भी कार्य बोलो हमेश इनकी हा ही रहेगी...कार्यकर्ता को भी कार्यकर्ता नहीं अपने परिवार का हिस्सा मानने वाले व्यक्ति है

**श्यामेन्द्र त्यागी**



दिनेश गोयल जी जैसी शख्सियत को जनप्रतिनिधि होना चाहिए। सरल, मधुर, शालीनता उनके व्यवहार में झलकती है। सादगी की एक मिसाल हैं। एक बार फिर से मौका मिलना चाहिए।

**निधि गोयल**



माननीय दिनेश कुमार गोयल जी उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ एमएलसी हैं। वे हमेशा हर उस व्यक्ति की मदद करते हैं जो उन्हें अपनी समस्या बताता है। जरूरतमंद व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। आदरणीय दिनेश गोयल जी जैसा व्यक्तित्व मैंने पूरी राजनीति में नहीं देखा। इतनी स्पष्ट छवि, ईमानदार व्यक्तित्व राजनीति में मिलना बड़ी बात है। हमारे आदर्श हैं दिनेश गोयल जी।

**प्रमोद सिंह**



मैं मोदीनगर से हूं, जब भी मैं श्री दिनेश गोयल जी के यहां गया उन्होंने तुरंत हमारा काम किया। मैं चाहता हूं उन्हें दोबारा मौका दिया जाए एमएलसी वही बनें।

**लालदेव पासवान**



मैं गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला हूं दिनेश गोयल जी ने अच्छे कार्य किए हैं इसलिए इन्हें दोबारा मौका मिलना चाहिए।

**मोनिका मिश्रा**



मैं मुजफ्फरनगर की रहने वाली हूं। मैं चाहती हूं कि श्री दिनेश गोयल जी ने बहुत अच्छे कार्य कर रहे हैं और इन्हें एक बार दोबारा मौका मिलना चाहिए एमएलसी बनने का।

**अंकित सिंघल**



मैं पिलखुवा शहर का निवासी अंकित सिंघल हूँ। मैं मन की बात कहना चाहता हूं कि दिनेश गोयल जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं जिसका जो कार्य होता है उसको समय से पहले ही कराया जाता है उन्हीं को एमएलसी का टिकट मिलना चाहिए।

**आभा वत्स**



दिनेश गोयल जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं जिसका जो कार्य होता है तुरंत कराया जाता है उन्हीं को एमएलसी का टिकट मिलना चाहिए।

**चंद्र शेखर तोमर**



मैं मेरठ से हूं। हमारे लिए तो वर्तमान एमएलसी आदरणीय दिनेश गोयल जी सबसे उचित और योग्य उम्मीदवार हैं जिन्होंने भाजपा के लिए बरसों पुराना किला ढहाने का काम किया था। सिर्फ और सिर्फ श्री दिनेश गोयल जी।

**सत्यपाल तिवारी**



आदरणीय श्री दिनेश कुमार गोयल जी को राजनीतिक में एक अच्छा पद मिले जिससे कि वह भविष्य में हम सब का जीवन सफल बना सके।

**साहनु सैफी**



हापुड़ से हूं दिनेश गोयल जी अपने व्यवहार के प्रति आमजन के प्रति लोकप्रिय हैं। दिनेश गोयल जी को आम जन सेवक के रूप में बार-बार मौका मिलना चाहिए।

**वीना शर्मा**



दिनेश गोयल जी जैसी शख्सियत को जनप्रतिनिधि होना चाहिए। इनको बार बार मौका मिलना चाहिए।

**अर्जुन कुमार**



हम चाहते हैं कि दिनेश कुमार गोयल जी को राजनीतिक में एक अच्छी पद मिले जिससे कि वह भविष्य में हम सब विद्यार्थियों का जीवन सफल बना सके।

**मुरसलीन**



दिनेश गोयल जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं जिसका जो कार्य होता है तुरंत कराया जाता है उन्हीं को एमएलसी का टिकट मिलना चाहिए।

**विकास चौधरी**



दिनेश गोयल जैसा ईमानदार व्यक्ति और इतने अच्छे इंसान मिलना मुश्किल है। यह पार्टी में एक मिसाल है इसलिए इन्हें ही एमएलसी बने रहना चाहिए।

**आर्यन चौधरी**



मै सहारनपुर से हूं, दिनेश कुमार गोयल जी को राजनीतिक में एक अच्छी पद मिले जिससे कि वह भविष्य में हम सब का जीवन सफल बना सके।

**राजकुमार**



श्री दिनेश गोयल जी राजनीति में एक सेवक के रूप में कार्य करते हैं हमने कई मुलाकातों में देखा है ऐसा व्यवहार सिर्फ हमारे लिए ही नहीं करते उनके पास कोई भी अपना काम लेकर आता है वह व्यक्ति निराशा नहीं लौटता इसलिए इन्हें हापुड़ में भी बहुत काम किया है दोबारा मौका मिलना चाहिए।

**अंकित बंसल**



आदरणीय दिनेश गोयल जी बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। इस बार दिनेश गोयल जी आने चाहिए दिनेश गोयल जी की छवि बहुत अच्छी है।

**संदीप डेढ़ा**



श्री दिनेश गोयल जी द्वारा बहुत अच्छे कार्य किए हैं। मैं चाहता हूं कि दोबारा एमएलसी यही बनें और सिर्फ यही बनें। दिनेश गोयल जी का सरल स्वभाव वह आम आदमी की पहुंच में होने होने की वजह से मैं यही चाहूंगा कि मैं भी उनको वोट दूं।

**सारिका त्यागी**



दिनेश गोयल जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं जिसका जो कार्य होता है तुरंत कराया जाता है उन्हीं को एमएलसी का टिकट मिलना चाहिए।

**संदीप सिंह**



माननीय दिनेश कुमार गोयल जी उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ एमएलसी हैं। वे हमेशा हर उस व्यक्ति की मदद करते हैं जो उन्हें अपनी समस्या बताता है। जरूरतमंद व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। आदरणीय दिनेश गोयल जी जैसा व्यक्तित्व मैंने पूरी राजनीति में नहीं देखा। इतनी स्पष्ट छवि ईमानदार व्यक्तित्व राजनीति में मिलना बड़ी बात है। हमारे आदर्श हैं दिनेश गोयल जी।

**आशीष गुर्जर राणा**

दिनेश गोयल जी जैसी शख्सियत को जनप्रतिनिधि होना चाहिए। सरल, मधुर, शालीनता उनके व्यवहार में झलकती हैं सादगी की एक मिसाल है। एक बार फिर से मौका मिलना चाहिए।

**आकाश शुक्ला**

दिनेश गोयल जी जैसी शख्सियत को जनप्रतिनिधि होना चाहिए। इनको बार बार मौका मिलना चाहिए।

**देव कुमार**

दिनेश गोयल जी जैसी शख्सियत को जनप्रतिनिधि होना चाहिए। इनको बार बार मौका मिलना चाहिए।

**नीरज माहेश्वरी**

आदरणीय दिनेश गोयल जी जैसा सरल, स्वभाव व्यक्तित्व मैने पूरी राजनीति में नहीं देखा। इतनी स्पष्ट छवि ईमानदार व्यक्तित्व राजनीति में मिलना किसी भी कार्य को छात्र, छात्राओं, कॉलेज के हितों में बिना रोक एकदम से करना आपके कई सारे उदाहरण। पुनः आपको दोबारा से छात्र-छात्रा के हितों को देखते हुए सदस्य बनना चाहिए।

**बजरंग बरवारियां**

माननीय श्री दिनेश गोयल जी जैसा सेवक हमने अपने जीवन में नहीं देखा। कुछ लोग राजनीति में पैसा कमाने के लिए आते हैं लेकिन माननीय श्री दिनेश गोयल जी राजनीति में एक सेवक के रूप में कार्य करते हैं। हमने कई मुलाकातों में देखा है ऐसा व्यवहार सिर्फ हमारे लिए ही नहीं करते उनके पास कोई भी अपना काम लेकर आता है वह व्यक्ति निराशा नहीं लौटता।


अभी से होने लगी है शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव की सुगबुगाहट
इस बार ये चेहरे रख सकते हैं चुनाव लड़ने की चाहत

करंट क्राइम facebook

**भुपेन्द्र नागर**



आदरणीय दिनेश गोयल जी जैसा व्यक्तित्व मैंने पूरी राजनीति में नहीं देखा। इतनी स्पष्ट छवि ईमानदार व्यक्तित्व राजनीति में मिलना बड़ी बात है। हमारे आदर्श है दिनेश गोयल जी।

**आर्यन चौधरी**



माननीय दिनेश जी हम सब आपके साथ हैं। ऐसे ही विकास कार्य करते रहो। महादेव का सदा आपके सर पर हाथ रहेगा। जय श्रीराम।

**हिमांशु सैनी दीपक सैनी**



माननीय श्री दिनेश गोयल जी जैसा सेवक हमने अपने जीवन में नहीं देखा कुछ लोग राजनीति में पैसा कमाने के लिए आते हैं लेकिन माननीय श्री दिनेश गोयल जी राजनीति में एक सेवक के रूप में कार्य करते हैं हमने कई मुलाकातों में देखा है ऐसा व्यवहार सिर्फ हमारे लिए ही नहीं करते उनके पास कोई भी अपना काम लेकर आता है वह व्यक्ति निराशा नहीं लौटता गरीबों की मदद करते हैं इसलिए मैंने इन्हें एमएलसी बने रखना चाहिए।

**नेत्रपाल सिंह**



मैं बुलंदशहर से हूं। दिनेश गोयल जी द्वारा बुलंदशहर में बहुत अच्छे कार्य किए गए हैं। उन्हीं को दोबारा एमएलसी बनने का मौका दिया जाना चाहिए।




### जब श्याम की लगेगी रिपोर्ट तभी चीफ साहब करेंगे फाईल को सपोर्ट

किस्सा उस महकमें का है जहां वेल्थ वालों की वर्किंग रिपोर्ट मुखिया मैडम ने मांग ली थी। ये अलग बात है कि वेल्थ वालों की हेल्थ पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। ये विभाग ही अलग है और इतना अलग है कि जब बड़े साहब ने ऐलान-ए-ईमानदारी किया तो एक महकमें ने साफ इंकार कर दिया था। कह दिया था कि बाहर कुछ भी चर्चे होते रहे लेकिन साहब हमारे यहां खर्चे बहुत है। इसलिए हम तो ईमानदार होने से रहे। अब किस्सा इसी महकमें में श्याम का गूंज रहा है। जिस महकमें में हर काम के दाम है। उस महकमें में इन दिनों सुर्खियों में श्याम है। विकास वाले बता रहे हैं कि अवर अभियन्ता फेल, सहायक अभियन्ता फेल मगर रिपोर्ट श्याम की है तो फिर नहीं मिलेगा कोई खोट। श्याम कोई सरकारी कर्मचारी भी नहीं है और अगर कुछ हो गया तो उसकी कोई जिम्मेदारी भी नहीं है। मगर वो साहब का सबसे सीक्रेट एजेंट है और भरोसा इस कदर है कि जब श्याम मौके पर जायेगा। निर्माण की जांच करेगा, ओके की रिपोर्ट लगायेगा। तब बड़े वाले साहब उसे सपोर्ट करेंगे।

### रूल वालों के आगे फूल वालों की ना चली थी, ना चली है और ना चलेगी

तीन पुराने योद्धाओं ने टैक्स को लेकर मोर्चा खोला। उनकी पीड़ा यही है कि एक्ट के खिलाफ जाकर अधिकारी कैसे काम कर सकते हैं। उनकी पीड़ा ये है कि हमारी पार्टी के जनप्रतिनिधि खामोश हैं। मामला निगम के पुराने योद्धा के पास आया तो उन्होंने कहा कि ऐसा है कि अफसर रूल वाले हैं और जनप्रतिनिधि फूल वाले हैं। फिर उन्होंने एक एक करके सीन गिनाये और कहा कि याद कर लो पहले वाले साहब का मामला जब पूरा सदन खिलाफ था और वो शासन से अपने प्रस्ताव की मंजूरी ले आये थे। एक जगह का किस्सा थोडी है और जीडीए वाली मैडम ने तो विधायकों की नहीं मानी थी। तो जीडीए बोर्ड मैम्बर भला क्या करते। गर्ग जी तो अपने साथ साईकिल वाले आसिफ को लेकर भी गये थे। मगर मैडम ने आधिकारिक बहूमत से हां करवा ली थी और जीडीए बोर्ड वाले देखते रह गये थे। अग्रवाल जी को जुर्माना भरना ही पड़ गया था। इसलिए फूल वाले कुछ भी कर लें। लेकिन ये रूल वाले हैं और हमेशा इनकी चली है, चली थी और चलेगी। मैं त्यागी जी के साहस को नमन करता हूं। मगर दिक्कत यही है कि फूल वाले तो क्या हाथ वाले भी इस मामले में उनके साथ नहीं आ रहे हैं। जबकि वो एज पर रूल की आवाज उठा रहे हैं।

### सब ऐसे ही नहीं आये थे उन्होंने तराजू वाले परशुराम बुलाये थे

शर्मा जी बहुत दिनों तक तिलक, तराजू और तलवार वालों के यहां ही लॉयल्टी दिखाते रहे। वो इतने लॉयल थे कि जब हाथी वाली देवी को किसी ने सोशल मीडिया पर कुछ कह दिया तो वो अपनी बिरादरी वाले के खिलाफ ही पुलिस कप्तान के यहां तहरीर देकर आये थे। सरकार बदली तो वो भी बदल गये और फूल वाले दल में आ गये। मगर जब उन्हें लगा कि यहां स्कोप नहीं है तो उन्होंने एनजीओ से लेकर बिरादरी वाले संगठन से अपनी अलग व्यवस्था बनाई। बीते दिनों उन्होंने भगवान परशुराम का महोत्सव मनाया और मंत्री जी को एडजस्ट करने के लिए परशुराम जी कंबाईड हो गये। मतलब ये कि भूमिहार और ब्राह्मण एक हो गये। कंबाईड की कहानी और ज्यादा ब्लाईंड तब हुई जब इसमें उन्होंने पूरी भाजपा एडजस्ट कर दी।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, गाजियाबाद शाखा द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 एवं 8 की लगभग 100 छात्राओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ. पी. यादव द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

रेड क्रॉस समिति की सचिव डॉ. किरण गर्ग ने बच्चों से रेड क्रॉस के उद्देश्यों, इतिहास एवं मानवीय सेवाओं के बारे में संवाद किया। रेड क्रॉस सदस्य डॉ. पूनम शर्मा ने प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन तथा विश्व में रेड क्रॉस द्वारा की जाने वाली सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन सविता त्यागी, रेड क्रॉस सदस्य

**कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 एवं 8 की लगभग 100 छात्राओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**




## अभी और बढ़ेगी प्रभारियों की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भले ही पहली लिस्ट में दो नाम की आई हो लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कई प्रभारियों की टेंशन बढ़ने वाली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई प्रभारी के बारे में इनपुट जुटाने और उनकी वर्किंग स्टाइल जानने का काम चल रहा है। वहीं बीते 15 दिनों में जिस तरीके से जूम पर दो बार मीटिंग हुई है।



तो वहीं पुलिस लाइन में खुद पुलिस कमिश्नर एक के बाद एक जोन के अधिकारियों और प्रभारी के साथ बैठक कर रहे हैं। उससे कई चर्चा शुरू हो गई हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों पर भरोसा करें तो अगले 15 दिन में एक लिस्ट और आएगी। जिसके बाद देहात और नदिया पार जोन में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। सूत्र बता रहे हैं कि कुछ पुराने फेस रिप्लेस किए जाएंगे तो कुछ नए चेहरों को चांस लिया जाएगा। तो सिटी को लेकर भी कई चेहरों को उपग्रेड किया जा सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे की सिटी वाले साहब का तबादला हुआ है, तो यहां अब चर्चा शुरू है कि सिटी वाली हॉट सीट किसको मिलेगी, कोई कह रहा है कि बदलाव होगा, पर सूत्र बता रहे हैं कि ग्रामीण और आने वाले आईपीएस अधिकारी का बैच एक ही है। अब संभावना है कि सिटी वाले प्लेस पर डायरेक्ट आईपीएस अधिकारी को ही जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और उन्हीं के कंधों पर पुलिस मुख्यालय डीसीपी वाला चार्ज भी आएगा, अगर ऐसा होता है, तो दोनों डीसीपी यहां फिर लंबी पारी खेल सकते हैं। अभी तक दोनों का ही जोन नहीं बदला गया है। चार्ज मिलने के बाद से ही दोनों की पारी चल रही है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाले सिस्टम में उन इंस्पेक्टरों पर भी नजरें रखी जा रही है जो लंबे समय से खास होने के बाद होल्ड पर चल रहे थे। अब उनको लग रहा है कि वह किसी को बोल्ड करके फिर से अपना होल्ड जमा लेंगे। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगले 15 दिन के दौरान थानों पर क्या परिवर्तन नजर आता है और इस परिवर्तन का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर क्या असर देखने को मिलता है। वैसे जिस तरीके से लगातार मीटिंगों का सिलसिला जारी है, उससे कमिश्नरेट सिस्टम में कई प्रभारी और अधिकारियों की टेंशन बढ़ी हुई है।

## राज्य कर विभाग में सुनी गई व्यापारियों की समस्या, पंजीयन पर जोर, रिटर्न पर हुई चर्चा

### व्यापारियों को उपलब्ध कराई गई प्रवर्तन अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर की सूची

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग में मंगलवार को व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में व्यापारियों से पंजीयन बढ़ाने, समय से रिटर्न दाखिल करने व निल रिटर्न जैसे विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा प्रवर्तन इकाइयों में तैनात अधिकारियों के नंबर उपलब्ध करने का अनुरोध किया। अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर की सूची व्यापारियों को उपलब्ध कराई गई। अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर गाजियाबाद जोन प्रथम गाजियाबाद मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापार मंडल की सीधी पहुंच छोटे व्यापारियों से होती है। ऐसे में व्यापार



मंडलों से विभाग की ओर से यह अपेक्षा है कि वह छोटे व्यापारियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। यदि किसी व्यापारी को कोई समस्या आती है तो वह विभाग से संपर्क कर सकता है, उसकी

**व्यापार मंडल की सीधी पहुंच छोटे व्यापारियों से होती है इसलिए सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करें।**

**- अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर गाजियाबाद**

समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि. अनु. शा.) जोन प्रथम गाजियाबाद सरिता सिंह, संयुक्त आयुक्त जिला जीत सिंह, संयुक्त आयुक्त श्रीराम गोंड मौजूद रहे। व्यापार मंडलों की ओर से प्रीतम लाल, तिलक राज अरोड़ा, राजेश्वर त्यागी, कवि केसरी मिश्र व अन्य उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा का किया वर्णन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट चल रही संगीतमय श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन, कथा वाचक आचार्य पवन भरद्वाज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण को मारने के लिए कंस ने अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास कर रही थी। लेकिन भगवान कृष्ण, उसको मौत के घाट उतार देते हैं। इसके बाद गोवर्धन भगवान की पूजा की गयी। एक दिन भगवान इंद्र ने ब्रजवासियों से नाराज होकर घनघोर वर्षा कर दी। जिससे ब्रजवासी परेशान हो गये। उनकी इस परेशानी को देख कर भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठा लिया और सभी ब्रजबासी को उसके अंदर बुला लिया। इस दृश्य को देख कर सभी श्रद्धालु भावुक हो गये। इसके बाद भगवान को छप्पन भोग प्रसाद चढ़ाया गया। सभी भक्तजन को प्रसाद बितरित किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा, मन्दिर समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी, विनोद कुमार नागर, तेजपाल गुप्ता, डी. पी. उपाध्याय, सूरज सिंह कुशवाह, परमात्मा यादव, पं. शेष नारायण मिश्रा, हृदयराम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद इंदिरापुरम मुख्य शाखा व आरएसएस सेवा विभाग ने कराया कन्या का विवाह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद इंदिरापुरम मुख्य शाखा व आरएसएस सेवा विभाग ने मकनपुर में एक कन्या का विवाह कराया गया। घरेलू सहायिका की बिटिया आयु. रोशनी जिसके पिता पक्षाघात बीमारी से दो साल से बीमार हैं। परिवार में अन्य आय का साधन न होने के कारण विवाह कराने मे कठिनाई होने के कारण पास से या प्रयास से यह विवाह समारोह सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। वधू को गृहस्थी संबंधित समान, गैस चूल्हा, दीवान, गद्दा, चादर, पिलो कवर, मिक्सी, बर्तन, 11 जोडी साड़ी, 2 सूट लड़के के, 7 जोडी वस्त्र, बिछिया, गले का हार शृंगार दान आदि 21 तरह की वस्तुएं भेंट की गईं। लगभग 200 लोगों के भोजन नाश्ते की व्यवस्था की गई। कन्या के लिए सुंदर शृंगार की व्यवस्था ब्यूटिशन सुनीता कौशिक, अदिति मलिक और शालू द्वारा की गई। समाज के वरिष्ठ साथियों के समकक्ष वरमाला कार्यक्रम एवं मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे संपन्न हुए। तारों की छांव में भीगी पलकों से विदाई संपन्न हुई। इस अवसर पर देवेन्द्र रावत, पुष्कर, उपेन्द्र श्रोतिया, विजय श्रीवास्तव, पार्षद राधेश्याम त्यागी, विनोद त्यागी, हेमंत कुमार बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

## उत्साह और भक्ति के साथ शिवशक्ति धाम डासना में मनाई गई माँ बगलामुखी जयंती



### - 15 दिवसीय माँ बगलामुखी महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ पूर्ण हुआ शिवशक्ति महोत्सव

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को शिवशक्ति धाम डासना में माँ बगलामुखी जयंती पर 15 दिन से चला आ रहा शिवशक्ति महोत्सव उत्साह और भक्ति के साथ पूर्ण हो गया। महोत्सव की समाप्ति माँ बगलामुखी महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ हुई। पूर्णाहुति के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ।

15 दिन तक चले इस महोत्सव में हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। शिवशक्ति महोत्सव की व्यवस्था प्रभारी डॉ उदिता त्यागी ने बताया कि पूर्णाहुति में स्वामी दीपांकर, आचार्य दीपक तेजस्वी, यति अभयानंद, अनिल यादव, हरिनारायण सारस्वत, मोहित बजरंगी, बृजमोहन सिंह, मदन मुखिया, हरिओम सिंह, अमन त्यागी, रामभरत यादव, राहुल भाटी, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने सभी श्रद्धालुओं को बताया कि मां बगलामुखी की भक्ति साक्षात कल्पवृक्ष के समान है जिसके द्वारा भक्तगण अपनी सभी सात्विक मनोकामना पूर्ण कर सकते हैं।

# बंद कमरे में हुई बैठक में भी गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

## भारत की गैर-मौजूदगी के बीच यूएनएससी में भी किरकिरी

**पाकिस्तान ।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में अहम बैठक की। इस दौरान राजदूतों ने दोनों देश से संयम बरतने और बातचीत करने की अपील की। बैठक में आदत से मजबूर पाकिस्तान ने शराफत का ढोंग किया, लेकिन परिषद ने अब तक इसे कोई तवज्जो नहीं दी।



15 देशों की सुरक्षा परिषद की ओर से आयोजित यह विचार-विमर्श सोमवार दोपहर करीब डेढ़ घंटे तक चला, लेकिन बैठक के बाद परिषद की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बंद कमरे में विचार-विमर्श के मकसदों में परिषद के सदस्यों को भारत और पाकिस्तान के बीच बिगड़ते सुरक्षा माहौल और बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के तैयार कराना और हालात से निपटने के तरीकों पर मंथन करना शामिल है। बैठक में टकराव से बचने की कवायदों पर विचार विमर्श भी शामिल है, जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ग्रीस ने बैठक निर्धारित की थी दुनिया के कई देशों के सामने पाकिस्तान के नाक रगड़ने के बाद मई महीने के लिए परिषद के अध्यक्ष ग्रीस ने सोमवार दोपहर को बैठक निर्धारित की थी। बंद कमरे में हुई यह बैठक यूएनएससी चैंबर में नहीं हुई, जहां परिषद के सदस्य घोड़े की नाल जैसी मेज पर बैठते हैं। बैठक चैंबर के बगल में एक परामर्श कक्ष में हुई। राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों और शांति संचालन विभागों में मध्य पूर्व, एशिया और प्रशांत के सहायक महासचिव ट्यूनीशिया के खालिद मोहम्मद खैरी ने दोनों विभागों (डीपीपीए और डीपीओ) की ओर से परिषद को मामले से अवगत कराया। बैठक से बाहर आकर उन्होंने कहा कि संघर्ष को संवाद के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। स्थिति फिलहाल अस्थिर है।

> **पाकिस्तान वर्तमान में शक्तिशाली परिषद का एक अस्थायी सदस्य है। उसने ही परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच स्थिति पर बंद कमरे में विचार-विमर्श का अनुरोध किया था। हालांकि, उसका यह मंसूबा भी कामयाब नहीं हुआ। पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने के बाद बैठक तो बुलाई गई, लेकिन बैठक के बाद अब तक न ही परिषद और न ही किसी देश ने इस मंथन को लेकर कोई बयान जारी किया**

# पत्रकारिता में 15 और कला जगत की 8 विभूतियों को मिलेगा इनाम, 15000 डॉलर भी मिलेंगे

**न्यूयॉर्क ।** कला और पत्रकारिता जगत में मिलने वाले पुलित्जर पुरस्कार 2025 की घोषणा हो गई है। पत्रकारिता के क्षेत्र में 15 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, पुस्तकों, संगीत और रंगमंच जैसे कला जगत की आठ श्रेणियों में भी पुलित्जर पुरस्कार दिए जाएंगे। सार्वजनिक सेवा क्षेत्र से चुने जाने वाले विजेता को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जबकि अन्य सभी विजेताओं को 15,000 डॉलर दिए जाएंगे।



अमेरिकी उपन्यासकार पर्सीवल एवरेस्ट के उपन्यास 'जेम्स' ने कथा साहित्य के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता है। यह उपन्यास 'द एडवेंचर्स ऑफ हकलबेरी फिन' की एक नई और अनोखी कहानी है, जो एक गुलाम की नजरों से दिखाई गई है। इसके अलावा, ब्रेंडन जैकब्स-जेनकिंस के नाटक 'पर्पस' ने पुलित्जर पुरस्कार जीता है। यह नाटक एक अमीर अश्वेत परिवार की कहानी है जो अपने ही अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है। इसे पिछले सप्ताह टोनी पुरस्कारों के लिए भी 6 बार नामांकित किया गया था।

**न्यूयॉर्क टाइम्स को चार और न्यू यॉर्कर को तीन पुरस्कार :** पत्रकारिता जगत में उल्लेखनीय काम के लिए न्यूयॉर्क टाइम्स को चार, न्यू यॉर्कर को तीन और राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के प्रयास की खबर के विस्तृत कवरेज के लिए वाशिंगटन पोस्ट को पुलित्जर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है।

### पुलित्जर ने एन टेलनेस को किया सम्मानित

पुलित्जर के मुताबिक, वाशिंगटन पोस्ट ने ट्रंप की हत्या के प्रयास की तत्काल और रोशनी भरी ब्रेकिंग न्यूज कवरेज की। इसलिए इसे पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुलित्जर ने एन टेलनेस को सम्मानित किया।

# सैन डिएगो में नाव पलटी, तीन की मौत नौ लापता, तलाश में जुटा तटरक्षक बल

**सैन डिएगो ।** अमेरिका में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। यहां सैन डिएगो के तट पर सोमवार तड़के ऊंची लहरों की वजह से एक छोटी नाव पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और नौ अन्य लापता हैं। हादसे में भारतीय परिवार भी प्रभावित हुआ है, जिसमें एक दंपती का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि उरके दो बच्चे लापता हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मामले पर नजर बना रखी है। तटरक्षक जहाज और हेलीकॉप्टर लापता लोगों की तलाश कर रहे इस बीच मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी तटरक्षक जहाज और हेलीकॉप्टर लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि चार घायलों को अस्पतालों में भेजा गया है। तटरक्षक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि 12-फुट (3.6 मीटर) नाव पलटने से पहले कहां से आ रही थी। सुबह करीब 6:30 बजे हादसा सैन डिएगो शेरिफ विभाग के लेफ्टिनेंट निक बैकोरिस ने बताया कि टॉरी पाइंस स्टेट बीच पर हाइकर्स और अन्य लोगों ने सुबह करीब 6:30 बजे तट के पास एक नाव पलटते हुए देखी। बैकोरिस ने बताया, 'पास में हाइकिंग कर रहे एक डॉक्टर ने फोन करके कहा कि मैं लोगों को बीच पर सीपीआर करते हुए देख रहा हूं, मैं उस तरफ भाग रहा हूं।' पंगास खुली नावें हैं, जिन्हें मछली पकड़ने के लिए बनाया गया है, लेकिन आमतौर पर तस्करों की ओर से इसे इस्तेमाल किया जाता है। 2023 में घने कोहरे के बीच सैन डिएगो बीच पर दो प्रवासी तस्करी नौकाएं हादसे का शिकार हुई थीं।




# हमास के हमलों की जांच कराने से इस्राइली कैबिनेट का इनकार

**तेल अवीव ।** इस्राइल पर सात अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमलों की जांच की मांग को इस्राइली कैबिनेट ने खारिज कर दिया है। कैबिनेट ने हमलों की जांच के लिए राज्य आयोग गठित न करने की बात कही है। इसे लेकर विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा है।



विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा कि जांच आयोग गठित न करने का सीधा अर्थ यह है कि सात अक्तूबर जैसी घटना बार-बार होगी। अगर जांच नहीं की जाती है तो यह कभी पता नहीं लग पाएगा कि हमास के हमलों के पीछे का कारण क्या था? हम इससे सबक नहीं ले पाएंगे और ऐसा दोबारा न हो इसके लिए कोई उपाय भी नहीं कर सकेंगे। नेतन्याहू ने मेरोन आपदा और पनडुब्बी मामले में राज्य जांच समिति की स्थापना को भी रोकने की कोशिश की। इस बार भी राज्य जांच समिति स्थापित की जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जांच की मांग का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीतिक रूप से पक्षपाती जांच का विरोध करते हैं। आलोचकों ने नेतन्याहू पर जांच में देरी करने और इसके अधिकार क्षेत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसद बेनी गैंट्ज ने कहा कि जनता मूर्ख नहीं है। राज्य जांच आयोग गठित न किए जाने का एकमात्र कारण जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है।

# भारत ने अमेरिका को इस्पात-ऑटो पार्ट्स व दवाओं पर शून्य टैरिफ का दिया प्रस्ताव, जल्द बन सकती है सहमति

**नई दिल्ली ।** भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है। भारत ने व्यापार वार्ता में अमेरिका के समक्ष इस्पात, ऑटो पार्ट्स व दवाओं पर दोनों देशों में शून्य टैरिफ का प्रस्ताव रखा है। भारत का प्रस्ताव है कि उत्पादों की एक निश्चित मात्रा और पारस्परिक आधार पर इस टैरिफ व्यवस्था को अपनाया जा सकता है।



ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने वाशिंगटन में हुई बातचीत में भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव रखा। इसके तहत एक तय सीमा तक वस्तुओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। आयात तय सीमा से ज्यादा होता है, तो सामान्य दरों पर शुल्क लागू होगा। यह प्रस्ताव साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को पूरा करने की रणनीति का हिस्सा है। अमेरिका ने भारत के क्यूसीओ को लेकर जाहिर की चिंता रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने भारत के क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) को लेकर चिंता जाहिर की है और इसे उसके यहां से भारत को होने वाले निर्यात में बाधा बताया है। अमेरिका का कहना है कि इसमें पारदर्शिता नहीं है। वहीं, भारतीय अधिकारियों ने मेडिकल उपकरणों और रसायन जैसे क्षेत्रों में मौजूदा क्यूओसी की समीक्षा करने पर रजामंदी जाहिर की है। भारत ने पारस्परिक समझौते का प्रस्ताव भी दिया, जिसके तहत दोनों देश एक-दूसरे के नियामक मानकों को स्वीकार करेंगे। भारत और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को 90 दिन स्थगित करने की अवधि के अंदर व्यापार समझौते पर सहमति बनाना चाहते हैं।

# विक्ट्री डे से पहले रूस में यूक्रेनी हमले से बढ़ी हलचल मॉस्को के चारों हवाईअड्डे अस्थायी रूप से बंद

**मॉस्को ।** रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच यूक्रेन ने रूस पर एक बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन ने रूस के करीब दर्जन भर इलाकों पर 100 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया, जिन्हें रूसी सेना ने बीच में ही रोक लिया। वहीं इस हमले के कारण मॉस्को के चारों बड़े हवाईअड्डों को अस्थायी रूप से उड़ानें रोकनी पड़ीं। इसके अलावा रूस के नौ अन्य क्षेत्रीय हवाईअड्डों पर भी कामकाज कुछ समय के लिए ठप हो गया।



बता दें कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूस 9 मई को विक्ट्री डे यानी नाजी जर्मनी पर जीत की वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहा है। इस दिन रूस में बड़ा सार्वजनिक अवकाश होता है और कई विदेशी नेता भी मॉस्को पहुंचते हैं। वहीं राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस मौके पर 8 मई से 72 घंटे के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा भी की थी।

रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया और रक्षा मंत्रालय के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन हमले रूस-यूक्रेन सीमा से लगे क्षेत्रों और रूस के अंदर तक हुए। जहां कुर्स्क क्षेत्र में दो लोग घायल हुए, जबकि वोरोनिज क्षेत्र में कुछ क्षति की जानकारी मिली है। वहीं दूसरी ओर रूस ने भी यूक्रेन के खारकीव शहर पर रातभर में 20 ईरानी-निर्मित शाहिद ड्रोन से हमला किया, जिसमें 4 लोग घायल हुए और शहर के सबसे बड़े बाजार बाराबाशोवा में आग लग गई। खारकीव क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी ड्रोन और ग्लाइड बम से हमलों में 7 नागरिक घायल हुए।

**रूस-यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर तनातनी:** अमेरिका के लगातार प्रयास के बाद भी रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम को लेकर बात नहीं बन पा रही है। कारण है कि एक तरफ जहां यूक्रेन अमेरिका के 30 दिनों के युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमति जताई, वहीं रूस ने युद्धविराम को लेकर अपनी शर्तें रख दी। जिसके बाद बीते दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा था कि उन्हें अब संदेह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करना चाहते हैं।

# चिन्मय दास पर चार और मामलों में गिरफ्तारी के आदेश, पहले से जेल में बंद हैं इस्कॉन के पूर्व पुजारी

**ढाका ।** बांग्लादेश में हिंदू नेता और इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। जहां बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को चिन्मय कृष्ण दास को चार और मामलों में गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। हालांकि इससे एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें एक हत्या के मामले में गिरफ्तार करने का आदेश दिया था, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई थी।



बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास को पिछले साल 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से देशद्रोह और राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अगले ही दिन चट्टोग्राम की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर उन्हें जेल भेज दिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद ढाका समेत देश के कई हिस्सों में उनके समर्थकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। मंगलवार को जिन चार मामलों में गिरफ्तारी के आदेश दिए गए, उनमें पुलिस के कार्य में बाधा डालना, कोतवाली थाना क्षेत्र में वकीलों और न्याय मांगने वालों पर हमले शामिल हैं। सरकारी अभियोजन पक्ष के सहायक वकील रायहानुल वाजेद चौधरी के अनुसार अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें इन मामलों में गिरफ्तार दिखाने की अनुमति दी। हालांकि इससे पहले सोमवार को अदालत ने सहायक सरकारी वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या के मामले में भी दास की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। अलिफ की हत्या उस हिंसक प्रदर्शन के दौरान हुई थी, जो दास की गिरफ्तारी के विरोध में हुआ था। गौरतलब है कि बीते 30 अप्रैल को हाई कोर्ट ने चिन्मय दास को जमानत देने का आदेश दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की अपीलीय पीठ के चेम्बर जज जस्टिस रेजाउल हक ने उस आदेश पर रोक लगा दी। वहीं चिन्मय दास के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप निराधार है, क्योंकि वह झंडा असली राष्ट्रीय ध्वज था ही नहीं।

# एयर इंडिया की टोरंटो-दिल्ली फ्लाइट फ्रैंकफर्ट डायवर्ट शौचालय जाम होने के चलते लिया गया फैसला

**फैंकफर्ट ।** एयर इंडिया की टोरंटो-दिल्ली फ्लाइट को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्लाइट के शौचालय जाम होने के चलते यह फैसला लिया गया। घटना 2 मई की है। जब एयर इंडिया के प्रवक्ता से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि तकनीकी दिक्कत के चलते फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा था। दो महीने में दूसरी घटना गौरतलब है कि बीते दो महीने में यह दूसरी ऐसी घटना है, जिसमें शौचालय जाम होने के चलते एयर इंडिया की फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा और इससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई। इससे पहले 6 मार्च को भी एयर इंडिया की शिकागो से दिल्ली आने वाली फ्लाइट एआई126 को 10 घंटे के सफर के बाद वापस शिकागो लौटना पड़ा था। अब 2 मई को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 188 को भी शौचालय जाम होने के चलते डायवर्ट करना पड़ा। एयर इंडिया ने बताया कि फ्रैंकफर्ट उतरने के कुछ घंटे बाद ही तकनीकी दिक्कत को दूर कर लिया गया और फ्लाइट ने अपने गंतव्य स्थान दिल्ली के लिए उड़ान भरी।




### पुराने विमानों की वजह से हो रही समस्या

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया की उड़ानों में लंबे रूट और पुराने विमानों के साथ ही यात्रियों की गलतियों की वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा और अमेरिका के रूट पर उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के अधिकतर विमान पुराने हैं, जिनमें शौचालय जाम होने की समस्या हो रही है। साथ ही कुछ यात्री लापरवाही से शौचालय में कचरा फेंक देते हैं, जिससे भी शौचालय जाम हो जाते हैं।

# पूर्वी कन्सास में सड़क हादसा, दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग




**कन्सास ।** अमेरिका के पूर्वी कन्सास में सड़क हादसा हुआ है। दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग के कारण छात्रों-शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारी समेत 8 लोगों की मौत हो गई है। पूर्वी कंसास के ग्रामीण क्षेत्र में हुई यह दुर्घटना दो लेन वाले राजमार्ग पर हुई। मृतकों में एक हाई स्कूल का छात्र, एक शिक्षक-प्रशिक्षक और ओक्लाहोमा का एक स्कूल कर्मचारी शामिल है। दुर्घटना रविवार शाम हुई कन्सास हाईवे पैट्रोल के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि स्थानीय समय के मुताबिक दुर्घटना रविवार शाम करीब 5:45 बजे हुई। ग्रीली के छोटे से शहर के बाहर कन्सास सिटी, मिसौरी से करीब 97 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में हुए इस हादसे के बाद लगी आग में बाल-बाल बचे एक शख्स को रेस्क्यू टीम ने अस्पताल में भर्ती कराया।

# 19वें वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारतीय जुड़वां प्रतिभाओं ने मचाई धूम

**युन्नान ।** भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के ट्विंस क्लब ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025 में हिस्सा लेकर भारत का परचम लहराया। 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित इस वैश्विक समारोह में क्लब के 10 जुड़वां प्रतिभागियों ने न केवल अपने अद्वितीय प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि भारतीयता की छाप भी पूरे आयोजन पर छोड़ दी। ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर झ संस्कृति सेतु बने जुड़वां इस वर्ष के फेस्टिवल की थीम 'ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर' पर आधारित थी। कार्यक्रम में अमेरिका, इंग्लैंड, मलेशिया, नाइजीरिया, घाना, युगांडा, नेपाल, श्रीलंका सहित 20 देशों के 200 से अधिक विदेशी जुड़वां प्रतिभागी और चीन के 500 ट्विंस शामिल हुए। ग्रैंड ट्विन्स परेड में भारतीय जुड़वां प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। अभिषेक-अनुज ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाएं प्रदर्शित कीं। ऋद्धि-सिद्धि ने नौवारी साड़ी और पगड़ी पहन मराठी संस्कृति को सजीव किया। मंजरी-मयूरी ने राजस्थानी घूमर वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहीं। ओनी-ओनस ने अन्य देशों से आए ट्विंस के साथ भारत के ट्विंस क्लब और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर संवाद किया। सबसे कम उम्र के प्रतिभागी नित्य-निश्चय ने भी चीन के स्थानीय ट्विंस से भारत की संस्कृति पर चर्चा की और क्लब की जानकारी दी।



प्रतियोगिता में इन भारतीयों ने नाम रोशन किया इंटरनेशनल ट्विन्स डांस कॉम्पिटिशन में भारतीय प्रतिभागियों ने अवॉड्र्स पर कब्जा जमाया। मंजरी-मयूरी को ह्वबेस्ट क्लासिकल परफॉर्मेंसह्व का खिताब मिला (राजस्थानी घूमर पर प्रस्तुति)। ऋद्धि-सिद्धि ने ह्वमोस्ट एनर्जेटिक डांसह्व का पुरस्कार जीता (गरबा व नगाड़ा सांग का फ्यूजन)। ट्विंस क्लब, भोपाल के अध्यक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि क्लब जल्द ही भोपाल में एक भव्य ट्विंस फेस्टिवल आयोजित करने की योजना बना रहा है, जिसमें देशभर के जुड़वां बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ चाहते हैं पुलिस का हर चीज में परफेक्शन

## हो रही है लगातार क्लास ताकि व्यवस्था रहे फर्स्ट क्लास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का फेस बदलने के साथ ही पुलिस के सभी स्तर के अधिकारियों से लेकर थानों के प्रभारी और बीट पुलिसिंग से लेकर सिटिजन चार्टर जैसे प्लान और पुलिस के द्वारा आम जनता और थाने आने वाले फरियादियों से बेहतर व्यवहार के गुण सीखा रहे हैं। तो वहीं कमिश्नरेट में बीट पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत कर अपराधियों पर लगाम लगाने का भी काम चल रहा है। इसके साथ ही साक्ष्य आधारित जांच कर आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने और मजबूत पैरवी के लिए भी उनके दिशा निर्देश जारी हो रहे हैं। पुलिस कमिश्नर चाहते हैं कि गाजियाबाद के पुलिस अधिकारी और पुलिस हर चीज में परफेक्ट हो। पुलिसकर्मियों के व्यवहार और कार्यशैली पर आम जनमानस में विश्वास बढ़े और लोग पुलिस पर उंगली उठाना बंद करें। यही वजह है कि वह प्रतिदिन अलग-अलग स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ लंबी मीटिंग कर रहे हैं। तो उनको आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इस पूरी व्यवस्था को सुधारने के पीछे मकसद यह है पुलिस की वर्किंग फर्स्ट क्लास हो साथ ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों।



### भ्रष्टाचार में शामिल पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज

**करंट क्राइम :** सीपी ने साप्ताहिक बैठक में फिर निर्देश दिया है कि समस्त थानाक्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध नशे का कारोबार करने वाले तस्करों और नशे के कारण अपराध होने के मामलों में कमी लाने का निर्देश दिया है। वहीं डीसीपी स्तर के अधिकारियों को कहा है कि अगर किसी भी थाना प्रभारी के क्षेत्र में कोई भी अनैतिक कार्य की जानकारी मिली या उसमें संबंधित पुलिस कर्मियों की मिलीभगत पाए जाने पर उनके खिलाफ तत्काल मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा, कार्रवाई होगी और गाज भी गिरेगी।

### विवेचना पर हो निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण काम

**करंट क्राइम :** मंगलवार को पुलिस कमिश्नर द्वारा पुलिस आयुक्त अपराध कानून व्यवस्था, अतिरिक्त उपयुक्त ट्रांस हिंडन जोन के साथ ही ट्रांस हिंडन के सभी एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गई है। गोष्ठी के दौरान बीट पुलिस ऑफिसर प्रणाली के अंतर्गत निवासी 10 वर्षीय अपराधियों की केवाईसी यानी नो योर क्रिमिनल कराए जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही साक्ष्य आधारित विवेचना प्रणाली और ऑपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलाने तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। वहीं सभी मामलों में निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण विवेचना के लिए पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है ताकि इसमें सुधार लाया जा सके।

### हर थाने में सुधरेगा आगंतुक कक्षा और बैठने लायक होगी महिला हेल्प डेस्क

**करंट क्राइम :** मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परमजीत हाल में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय कल्पना सक्सेना, तीनों जोन के डीसीपी और कमिश्नरेट के सभी स्तर के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक और समीक्षा गोष्ठी की। जिसमें अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी थानों के भवनों का जीर्णोद्धार कर पुलिस कर्मियों एवं आगंतुकों के लिए बुनियादी सुविधा को उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिया है कि जिन थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थिति ठीक नहीं है, वहां जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए और महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाए। साथ ही डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों को भी फरमान सुनाया गया है कि थाने आने वाले सभी आगंतुकों का सम्मानजनक भाषा में स्वागत हो। उनके साथ किसी प्रकार की बदसलूकी ना की जाए ,तत्काल मुकदमा लिखा जाए और फरियादियों के साथ बेहतर ढंग से पेश आया जाए।

## भाजपा के मंडल गठन हेतु हो गई जिला प्रवासियों की लिस्ट जारी

### गाजियाबाद महानगर के गजेंद्र मावी और जिले के गोविंद चौधरी बने हैं जिला प्रवासी

### मानसिंह गोस्वामी को मिला बुलंदशहर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंडल के गठन हेतु भाजपा के जिला प्रवासियों की सूची जारी हो गई है। ये सभी प्रवासी मंडल गठन में राय मशविरा देंगे और मंडल वाली सूची को फाइनल करने में भूमिका निभाएंगे। ये प्रवासी मंडलों में प्रवास करेंगे। गाजियाबाद की बात करें तो गजेंद्र मावी को महानगर का मंडल प्रवासी बनाया गया है। गजेंद्र मावी पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। इसके अलावा गाजियाबाद जिले में गोविंद चौधरी को मंडल प्रवासी बनाया गया है। वह क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य हैं। इसके अलावा गाजियाबाद के मानसिंह गोस्वामी को बुलंदशहर का मंडल गठन जिला प्रवासी बनाया गया है। मानसिंह गोस्वामी गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। मौजूदा समय में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता को हापुड़ का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह बुलंदशहर के हिमांशु मित्तल को गौतमबुद्धनगर का प्रभारी बनाया गया है। वह क्षेत्रीय सह कोषाध्यक्ष हैं। 19 मंडल प्रवासी बनाए गए हैं, इनमें मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, हापुड़, नोएडा, बागपत, संभल और बुलंदशहर जिले शामिल हैं।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें एक गहरी जगह से सूचना गई है मिल? टूट गया है इस वक्त संगठन के एक प्रबल गुर्जर दावेदार का दिल? उनके शब्दों में अब हमें हो रहा है दर्द-ए-दिल का एहसास? ऐसा लग रहा है जैसे सामने वाले ने नहीं डाली हो उन्हें ठीक से घास? सुना है वो कईयों से कर चुके हैं अपना दर्द-ए-दिल शेयर? कमियों का पिटारा उन्होंने खोलना शुरू कर दिया है? समझ जाओ अब उनका मामला हो गया है आउट ऑफ केयर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक तरफ हमें सुनाई दे रहा है गुर्जर दावेदार का दर्द-ए-दिल का तराना? वहीं भगवा संगठन में स्थान पाने के लिए रोज मजबूत होते जा रहे हैं मिस्टर कसाना? हमने देखा भगवा योद्धा के साथ उनके होर्डिंग नजर आने लगे हैं अब साहिबाबाद से बाहर? हम जब जा रहे थे गोविन्दपुरम, तब हमें हुए कसाना जी के होर्डिंग के दीदार? ऐसा लग रहा है कसाना जी की वजह से ही दूसरे गुर्जर चेहरे का मामला हो गया है सीन से बाहर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैडम गुप्ता के पास भले ही आ गई हो इन्दिरा जी एरिये की कमिश्नर की जिम्मेदारी? मगर उनके मन में निगम के मैम्बर वाली फीलिंग रहती है हमेशा जारी? हमें पता चला है उन्होंने ग्रुप में डाला है संदेश? कहा है सीवर की समस्या हो, तो इस बारे में समाधान के लिए सम्पर्क कर सकता है हमसे कोई भी फेस? कहने वाले ने कहा मैडम गुप्ता के शब्द करा रहे हैं साफ तौर पर इस बात का एहसास? मैम्बर अग्रवाल समस्याओं को लेकर कुछ ज्यादा ही धीरज धारण कर चुके हैं? शायद समाधान का नहीं हो पा रहा है उनसे प्रयास? अगर कर दिया होता उन्होंने सीवर की समस्या का समाधान? तो मैडम गुप्ता को ग्रुप में आकर यूं ही नहीं करना पड़ता ये वाला ऐलान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में यूं तो कई मैम्बरों की है योयो होटल पर नजर? मगर हम देख रहे हैं इस मामले में कोई मैम्बर पूरी राय के साथ कर रहे हैं कुछ और ही फिक्र? योयो होटल की शिकायत को लेकर वो लगातार लिख रहे हैं अधिकारियों को लैटर? तुड़वाना चाह रहे हैं वो इन होटल की सीढ़ियां? हमें समझ नही आ रहा है मैटर? कहने वाले ने कहा इस बारे में तो वो ही बता सकते हैं बैटर? कहने वाले ने कहा जब लिखे जाते हैं बहुत ज्यादा लैटर? तब साल्व हो जाते हैं इच्छाओं वाले मैटर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बता रहे हैं नदिया पार के एक भगवा कमिश्नर की एक कहानी? ये भगवा कमिश्नर टी कंपनी के पूरे प्रभाव में है? तीनों के कहने पर ही चलाता है ये चेहरा अपनी राजनीति की कहानी? जो तीनो ठाकुर कहते हैं उसी बात को भाव देते हैं ये कमिश्नर साहब? कहने वाले ने कहा टी से टी वालों का इन टी पर ठप्पा मजबूत होता जा रहा है? कहने वाले कह रहे हैं संगठन उनके कहने पर ही ये चेहरा चला रहा है?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा के आस-पास नजर आने वाले मतलब की चाबी खो जाने वाले त्यागी जी दें हमारी बात पर ध्यान? बिरादरी के ही एक चेहरे ने तान दी है उन पर कमान? कहा है हमारे भी नहीं थे किसी से संबंध इनते खास? मगर जितनी तेजी से चाबी खो जाने वाले बदले हैं? उनके इस बदलाव को देखकर हमको हैरानी हो रही है बेहिसाब? वैसे हम तो देना चाहते हैं उनको तरक्की की दुआ? वैसे ये भी सच है? जो उनका ना हुआ, वो इनका ना हुआ? फिर भी कबूल हो हमारी तरफ से उनके महान मंत्री बनने वाली दुआ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सिर्फ पूर्व पार्षद ही क्यों उठा रहे हैं हाऊस टैक्स बढ़ने वाली आवाज? कहने वाले ने कहा हम तो चाहते हैं इस मुद्दे पर वो दो जनप्रतिनिधि भी बोलें जिनकी मौजूदगी में सदन में हुआ था हाऊस टैक्स नहीं बढ़ने वाला प्रस्ताव पास? दोनों बड़े जनप्रतिनिधि हैं दोनों को देना चाहिए इस बात पर ध्यान? जिस प्रस्ताव पर मचा है इतना घमासान? उसका तो उन्हीं के सामने हो गया था समाधान? कहने वाले ने कहा या तो लेने वालों ने दोनों जनप्रतिनिधियों की सदन में मौजूदगी को ले लिया हल्के में? या फिर अब दोनों का ही नहीं है इस मुद्दे पर ध्यान? कहने वाले ने कहा अगर करने वालों ने हमारे साथ ऐसा किया होता तो आज हमने सर पर उठा लिया होता आसमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक त्यागी चेहरे ने जाकर गोयल साहब के कान में हल्की सी फूंक मारी? कहा भाईसाहब ये लेकर आया हूं बहुत जरूरी जानकारी? मुझे पता चला है मिस्टर जायसवाल जी ने शुरू कर दी है एमएलसी चुनाव की तैयारी? वोट बनवाने का सिलसिला वो काफी समय पहले से कर चुके हैं जारी? कहने वाले ने कहा आप तक ये बात पहुंचाना बहुत जरूरी था? हम आपसे मोहब्बत करते हैं, आपको मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराना जिम्मेदारी है हमारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम कहीं पर बैठे थे? वहां पर सवालों पर सवाल चलते चले गये? कहने वाले ने कहा हम इस चर्चा को पूरे ध्यान से सुन रहे थे? कहने वाले कह रहे थे भाजपा में शानदार एन्ट्री लेने के बाद प्रबुध वाले पंकज शर्मा आखिर कहां चले गये? पार्टी की किसी भी गतिविधि में नहीं होते हैं उनके दीदार? फेसबुक पर भी कन्फ्यूज करने वाले आते हैं उनके विचार? कहने वाले ने कहा वैसे प्रबुध भैया का स्पष्टवादी है स्वरूप? वो नुकसान कितना उठा लेते हैं मगर मुद्दों पर नहीं बदलते हैं वो अपना रूप?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के जिस भगवा मैम्बर पहलवान का सुनाई देता था जबरदस्त शोर? दो दोस्तों की वजह से जिनको नहीं करता था इग्नोर? कभी भी वो किसी पर बीप...बीप... वाले शब्द देते थे तान? कभी भी थाने चौकी पहुंचकर उठा लेते थे सर पर आसमान? आजकल वो हो गये हैं ऐसे खामोश, जैसे कर रहे हों किसी गुफा में ध्यान? कहने वाले ने कहा समय ही कुछ ऐसा चल रहा है? अगर फार्मेट से अलग चले तो फिर ना कमांडर कुछ कर पायेंगे, ना ही उनके दोस्त पहलवान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## महिलाओं से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र में पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को पकड़ा है। एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हुआ है। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के अनुसार, 5 मई को एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि दोपहर 2 बजे मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसके कान के कुंडल लूट लिए थे। पुलिस की जांच के दौरान रोटरी गोल चक्कर के पास से दो संदिग्ध बाइक सवार मिले। रोकने पर वे भागने लगे। पकड़े जाने पर दोनों ने महिला से लूट की बात स्वीकार की। बदमाशों ने बताया कि लूट का माल गोशाला के पास कच्चे रास्ते पर छिपाया है। माल बरामदगी के लिए जब पुलिस आरोपी सोहेब को लेकर गई, तो उसने पेड़ के पीछे छिपाए तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सोहेब घायल हुआ। पुलिस ने दूसरे आरोपी शकील को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उनके पास से लूटा हुआ कुंडल, तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद किए हैं।

## भाजपा ने 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' के तहत लोनी में आयोजित किया 'प्रबुद्ध संवाद' कार्यक्रम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'वक़्फ़ सुधार जनजागरण अभियान' के अंतर्गत लोनी के पावी गांव में 'प्रबुद्ध संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने वक़्फ़ संपत्तियों से जुड़ी सच्चाइयों और सुधार की आवश्यकता पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिमांशु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कौमुदी चौधरी, मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजकुमार चौधरी, कार्यक्रम जिला सह-संयोजक व जिला मंत्री आकाश गौतम, अनुसूचित मोर्चा प्रदीप गहलोत, मंडल प्रभारी संजीव शर्मा, जिला महामंत्री नसीम प्रधान, मंडल अध्यक्ष अश्विनी, जितेंद्र गुप्ता, राहुल श्याम सुंदर, वरुण धामा, नगरपालिका अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, सभासद विनीता सिंह, जयवीर बंसल, अनूप भड़ाना, अय्यूब सभासद, जिला मीडिया प्रभारी गयासुद्दीन, हाजी सलीम, शिखादत राणा, इरफान चौधरी आदि समेत भारी संख्या में आम जन मौजूद रहे।

### वक्फ संपत्तियां समाज कल्याण के लिए : नंदकिशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, वक़्फ़ बोर्ड की संपत्तियाँ किसी मजहबी ठेकेदारी का जरिया नहीं बन सकतीं। यह संपत्तियाँ समाज के कल्याण के लिए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. सौलत पाशा ने कहा, हमारा उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय को वक़्फ़ संपत्तियों की वास्तविक स्थिति और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जमालुद्दीन अल्वी ने कहा वक़्फ़ बोर्ड की संपत्तियों पर वर्षों से हो रहे दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाना हमारा कर्तव्य है।

## सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज ने किया छात्रों के लिए गेस्ट लेक्चर का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीसीए एवं बीटेक (सीएसई/आईटी) के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा, इस प्रकार के अकादमिक व्याख्यान छात्रों के ज्ञान को व्यावसायिक दृष्टिकोण से जोड़ने में सहायक होते हैं। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषय छात्रों को उद्योग-उन्मुख बनाते हैं।

चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल एवं प्रो-चेयरमैन नितिन अग्रवाल के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो. (डॉ.) हरीश कुमार तलुजा ने कहा, डिजिटल युग में तकनीकी नवाचार और व्यावसायिक समझ का समन्वय छात्रों को एक बेहतर



भविष्य की ओर अग्रसर करता है। प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी छात्रों को निरंतर सीखने और अनुसंधान की संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पल्लवी श्रीवास्तव रहीं। वंदना शर्मा, विभागाध्यक्ष, योगिता कौशिक, विभागाध्यक्ष, गौरव शर्मा तथा सत्यवीर सिंह, विभागाध्यक्ष ने आयोजन की योजना बनाने से लेकर समन्वय, तकनीकी मूल्यांकन और समापन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## वार्ड 95 में स्वच्छ पानी की समस्या, जनांदोलन की दी चेतावनी

### पूर्व पार्षद जाकिर अली ने जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड संख्या 95 के फेल खराब नलकूपों को नगर निगम द्वारा रिबोर कर ठीक नहीं कराया जा रहा है। फेल व खराब नलकूपों में गली नंबर 14 नौशाद के घर के पास, कल्लू के घर के पास, लालटेन फैक्ट्री कालू कुरैशी वाली गली, गली नंबर 5 वसीम के घर के पास 05 एचपी के कुल 04 नलकूप व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित सरकारी स्कूल के बाहर। सुन्नी मोहम्मदी मस्जिद वाली गली, मुस्लिम फंड बैंक के पास। शहीद अशफाक उल्ला खान चौक 10 एचपी के कुल 04 नलकूप एवं पी ए सी 30 एचपी नलकूप फेल होकर खराब हो गए हैं जिनको बार-बार अनुरोध करने के बाद भी निगम अधिकारियों द्वारा जानबूझकर रिबोर नहीं किया जा रहा है। रवि के घर के पास एक 10 एचपी नलकूप का सामान निकाल कर निगम ठेकेदार के आदमी ले गए हैं जिसको



डालकर चालू नहीं कराया जा रहा है। बार-बार अलग-अलग समय पर निगम के अधिकारियों के खिलाफ जनहित के कार्य ना करने की, जनहित की समस्याओं का समाधान ना करने की, निगम अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार घोटालों आदि की शिकायत शासन प्रशासन की जाती रही है। जनता के सामने पीने का पानी खरीद कर दूर-दूर से लाने को मजबूर रहती है। वार्ड के लगभग 50% क्षेत्र में ही पानी की आपूर्ति हो रही है जिसमें काफी ज्यादा क्षेत्र में गंदा मिट्टी, रेत वाला पानी आता है जिसमें गली नं-14, लालटेन फैक्ट्री, गली नं-03 सहित आदि क्षेत्रों मे पीने के गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए भी कई बार निगम के अधिकारियों से अनुरोध किया जा चुका है। क्षेत्र की जनता भी आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत करती रहती है जिस पर अधिकारी झूठी रिपोर्ट लगाकर निवारण करते थे और मौके पर जमीन पर आकर निगम अधिकारी इस पर भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उल्लेखनीय यह है कि नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा घोषित अवैध कॉलोनियों में अवैध कॉलोनी को काटने वाले कॉलोनाइजरों से सांठ-गांठ कर 15वें वित्त एवं अन्य निधियों से कार्य करा रहे हैं लेकिन नगर निगम के अधिकारी वार्ड संख्या 95 में जानबूझकर कार्य नहीं करा रहे हैं।

अतः मेरा आपसे जनहित में अनुरोध है कि वार्ड संख्या 95 के उपरोक्त लिखित नलकूपों को रिबोर कराने व गंदा मिट्टी, रेत वाले पानी की समस्या का समाधान कराने के आदेश सम्बन्धित अधिकारियों को देने की कृपा करें, अन्यथा क्षेत्र की जनहित की समस्याओं के समाधान होने तक कलेक्ट्रेट पर जन-आन्दोलन / धरना करने के लिए बाध्य हूँ और इसकी जिम्मेदारी नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों की होगी।

## स्वागत







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के जिला जज आशीष गर्ग का गाजियाबाद बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने स्वागत किया। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव अमित नेहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ शबनम खान, उपाध्यक्ष कपिल त्यागी, कमल किशोर, राजीव गुर्जर, कुलदीप चौधरी, संदीप, संगीता रविन्द्र शर्मा आदि ने गाजियाबाद के जिला जज आशीष गर्ग का स्वागत किया और शिष्टाचार मुलाकात की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Himanshulove Sharma is with Sachin Soni and 14 others.
9m

परमआदरणीय स्वर्गीय माता जी निर्मला ओर स्वर्गीय पिता जी परम आदरणीय श्री कृष्ण मित्र जी की वैवाहिक वर्षगांठ की पुण्यतिथि पर सादर प्रणाम माता जी निर्मला ओर पिता जी कृष्ण मित्र जी का आशीर्वाद पूरे परिवार पर हमेशा बना रहे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** माता पिता परिवार भी होते हैं और संस्कार भी। वो दुनिया में रहें, ना रहें लेकिन उनके संस्कार उनके परिवार में परिलक्षित होते हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने स्वर्गीय पिता कृष्णमित्र और स्वर्गीय माता निर्मला की मैरिज ऐनीवर्सी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर प्रणाम किया। हिमांशु लव ने अपने मम्मी पाता की मैरिज ऐनीवर्सी की पुण्यतिथि को फेसबुक पर साझा किया। हिमांशु लव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।